दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली। शनिवार 19 अक्टूबर-2024 | वर्ष : 9 अंक : 297 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




## 'आप' नेता सत्येंद्र जैन को मिली जमानत, 18 महीने बाद आएंगे जेल से बाहर

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी है। कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दी है, वह देश से बाहर नहीं जा सकेंगे। कोर्ट ने कहा कि सत्येंद्र जैन 18 महीने तक जेल में बंद रहकर सजा काट चुके हैं। कोर्ट ने कहा कि सत्येंद्र जैन की जमानत अर्जी मंजूर की जाती है, उन्हें 50,000 रुपए का निजी मुचलका भरना होगा। जमानत देते हुए कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की लंबी हिरासत का हवाला दिया और मनीष सिसोदिया के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का भी संदर्भ दिया, जिसमें मौलिक अधिकार के रूप में त्वरित सुनवाई के अधिकार पर जोर दिया गया था।

**कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को सशर्त जमानत दी है, वह देश से बाहर नहीं जा सकेंगे।**



**कोर्ट ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता के महत्व पर दिया जोर :** अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए व्यक्तिगत स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया, खासकर जब ढटछअ जैसे सख्त कानूनों से जुड़े मामले की बात आती है। अदालत का आदेश मनीष सिसोदिया केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर काफी हद तक निर्भर था, जिसने त्वरित सुनवाई के अधिकार के संबंध में एक मिसाल कायम की।

**ईडी के विरोध पर कोर्ट ने कही ये बात :** इस मामले की पैरवी कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया। हालांकि अदालत ने कहा कि जैन पहले ही हिरासत में काफी समय बिता चुके हैं और निकट भविष्य में मुकदमा शुरू होने की संभावना नहीं है, तो पूरा होने की तो बात ही छोड़िए। कोर्ट ने कहा कि मनीष सिसोदिया मामले में निर्धारित मापदंडों के आधार पर सत्येंद्र जैन भी जमानत के हकदार हैं।

**कोर्ट ने दी सशर्त जमानत :** कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को 50,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी है। जमानत की शर्तों के तहत सत्येंद्र जैन मामले से जुड़े किसी भी गवाह या व्यक्ति से संपर्क नहीं कर सकेंगे।

वह किसी भी तरह से मुकदमे को प्रभावित नहीं करेंगे। इसके अलावा आप नेता को अदालत की पूर्व अनुमति के बिना भारत से बाहर यात्रा करने पर भी रोक रहेगी।

**मनी लॉन्ड्रिंग केस में अरेस्ट हुए थे सत्येंद्र जैन :** सत्येंद्र जैन को प्रवर्तन निदेशालय ने 30 मई 2022 को कथित रूप से उनसे जुड़ी 4 कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था।

बता दें कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के बाद सत्येंद्र जैन आम आदमी पार्टी के चौथे नेता हैं, जिन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के अलग-अलग मामलों में जमानत दी गई है।

**सत्येंद्र जैन की जमानत पर क्या बोले सिसोदिया? :** सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने के बाद आप नेता मनीष सिसोदिया ने पर एक पोस्ट में कहा कि तानाशाह की तानाशाही को एक बार फिर तमाचा पड़ा है।

## विदेशी दौरा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ तीन देशों की राजकीय यात्रा पर हैं। अतुल गर्ग का ये अंदाज उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर की डिप्लोमेसी में फिट कर रहा है। वो अपने देश का प्रतिनिधित्व विदेश में कर रहे हैं। ये एक बड़ी उपलब्धि है। सांसद अतुल गर्ग ने मालावी देश के राष्ट्रपति के साथ एक बैठक में भाग लिया। दोनों देशों की इस उच्चस्तरीय वार्ता में दोनों ही देशों के राष्ट्रपति मौजूद थे। इस बैठक में राष्ट्रपति के साथ भारत से गए तीनों सांसद भी मौजूद रहे। यह बैठक दोनों देशों के बीच व्यापार और विदेशी संबंधों में और अधिक सुधार के लिए आहूत की गई थी।

## शहर विधानसभा उपचुनाव में नामांकन के पहले दिन 9 प्रत्याशियों ने खरीद लिए फार्म

### बसपा और असपा सहित 6 उम्मीदवारों ने जमा कर दिये चालान फार्म









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव की रणभेरी चुनाव आयोग ने बजाई और शुक्रवार को कलैक्ट्रेट पर विधिवत रूप से नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन ही जब चुनाव लड़ने के लिए फार्म की बिक्री हुई तो विधिवत शुरूआत हो गई। पहले दिन 6 विक्रय फार्म खरीदे गये और 9 चालान फार्म प्राप्त किये गये। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन बसपा के उम्मीदवार परमानन्द गर्ग ने चालान फार्म लिया। वहीं आजाद समाज पार्टी के सतपाल चौधरी ने भी चालान फार्म खरीदा। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों ने विजय कुमार अग्रवाल, शमशेर राणा, रवि कुमार पांचाल, अशोक शर्मा, मिथुन जायसवाल तथा चरण सिंह ने रिपब्लिकल पार्टी ऑफ इंडिया के लिए चालान फार्म खरीदा। चुनावी रणभेरी विधिवत रूप से बजी। इस प्रकार 6 प्रत्याशियों द्वारा चालान जमा कर विक्रय फार्म खरीदा गया और 3 प्रत्याशियों के द्वारा चालान फार्म प्राप्त किये गये।

### 25 अक्टूबर है नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख

करंट क्राइम। 25 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। 28 अक्टूबर तक नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 अक्टूबर को नामांकन पत्र वापसी का दिन है। इसके बाद शहर विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित हो जायेंगे। शुक्रवार को एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशी ने चालान जमा कर विक्रय फार्म लिया। 3 राज्य स्तर पार्टी के प्रत्याशियों ने फार्म लिया और 5 निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा फार्म खरीदे गये। 6 प्रत्याशियों के द्वारा चालान जमा कर विक्रय फार्म प्राप्त किया गया।

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की प्लानिंग से दीवाली पर जगमगाएगा पूरा शहर



### हर वार्ड में होगा उजाला और पार्षद देंगे टीम को सत्यापन पत्र

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक हमेशा से एक नई सोच के साथ काम करते हैं। वो सदन से लेकर कर्मचारियों तक सबको साथ लेकर चलते हैं। इस बार दिवाली पर उनकी प्लानिंग से शहर को जगमगाहट मिलने जा रही है। दिवाली से पहले ही पूरा शहर जगमगाएगा। नगर आयुक्त ने निगम के निर्माण और प्रकाश विभाग को ये आदेश जारी कर दिये हैं कि हर वार्ड में प्रकाश व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। बड़ी बात ये है कि नगर आयुक्त ने रोशनी की कवायद में पार्षदों को भी अपने साथ लिया है। जब वार्ड रोशनी से जगमगाएगा तब वार्ड का पार्षद अपने लेटर से यह बताएगा कि वह रोशनी व्यवस्था से संतुष्ट है। त्यौहारों को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अपने विभागीय अधिकारियों और टीम के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में प्रकाश विभाग को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिये गये।



प्रकाश व्यवस्था सुदृढ करने के लिये चल रहे कार्यों की रिपोर्ट भी देखी गई। इस बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनिदंर कुमार, प्रकाश प्रभारी कामाख्या प्रसाद तथा समस्त लाइट विभाग की टीम मौजूद रही।

**एक हफ्ते में जगमगाएंगे नगर निगम के 100 वार्ड 50-50 लाइटों से :** नगर निगम ने दिवाली से पहले ही शहर को रोशन करने का प्लान बना लिया है। शहर के पांचों जोन में इसका असर दिखाई देगा। एक हफ्ते में नगर निगम के सौ वार्डों में प्रकाश व्यवस्था शत प्रतिशत बेहतर होगी। नगर आयुक्त ने सभी वार्डों में 50-50 लाइट तत्काल प्रभाव से लगवाने के निर्देश दिये हैं। दिवाली में किसी भी वार्ड में अंधेरा ना हो इसकी पूरी तैयारी की गई है और सभी वार्डों में स्वास्थ्य विभाग को भी सफाई व्यवस्था सुदृढ करने के लिये कहा गया है।

### शहर के प्रमुख चौराहों पर जगमगाएगी तिरंगा लाइट और धार्मिक स्थल भी होंगे रोशन

दीपावली पर जहां नगर निगम के सभी वार्डों में रोशनी का इंतजाम होगा वहीं शहर के प्रमुख चौराहों का भी ब्यूटीफिकेशन होगा। इसके अलावा सभी प्रमुख मार्गों, धार्मिक स्थलों और प्रमुख चौराहों को भी सजाने के निर्देश दिये हैं। एक सप्ताह में सभी प्रमुख चौराहों को व्यवस्थित और सुंदर बनाया जायेगा। यहां लगी हुई तिरंगा लाइट को मरम्मत कर ठीक किया जायेगा। मार्गों पर लगी हुई लाइटों की मरम्मत की जाएगी। लाइट व्यवस्था चौकस रहे इसके लिए अधिकारियों को रात्रि में भ्रमण करने के भी निर्देश दिये गये हैं। प्रकाश प्रभारी और टीम को वह फॉर्मेट तैयार करने के लिये कहा गया है कि जिसमें प्रतिदिन की जियोटैग रिपोर्ट भी आ जाए।

## डीएम इन्द्र विक्रम सिंह का दिखा खेतों में जाकर टोटली फार्मर वाला स्टाइल



### फसल का निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे और दिखाया हम जानते हैं खेती की हर बारीकी को





### पटवारियों को दिये निर्देश और फसल को भी तुलवाया

डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने ग्राम अटौर में धान की क्रॉप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान फसल की उपज की तोल भी कराई। उन्होंने लेखपालो को निर्देश दिये कि सभी धान की क्रॉप कटिंग प्रयोग सीसीई एग्रीऐप से ऑनलाइन करें। इस दौरान जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह के साथ सदर तहसीलदार रवि कुमार, कानूनगो लेखपाल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कभी-कभी कुछ अधिकारी अपनी अनूठी कार्यशैली से छा जाते हैं। वो जनता के दिल पर राज करते हैं और उनका कार्य का अंदाज ऐसा होता है कि लोग उन्हें लंबे समय तक याद करते हैं। ऐसे ही अधिकारियों में गाजियाबाद डीएम इंद्र विक्रम सिंह हैं। उनका अपना एक अंदाज है और कभी वो बस चलाकर, तो फोटोग्राफी की बारीकियों को समझाते हैं। वो भंडारे में जाते हैं तो हलवाई वाले अंदाज में आ जाते हैं। जनता उन्हें जबरदस्त रेस्पोंस देती है और यही वजह है कि जब मुख्यमंत्री को आना था तो एक वृद्ध महिला ने घंटाघर रामलीला मैदान पर अपना पूरा विश्वास डीएम इंद्र विक्रम सिंह में जताया था।

एक बार फिर जिलाधिकारी अपने अनूठे अंदाज में नजर आए। खेतों में किसान काम कर रहे थे और उन्होंने सोचा भी नहीं होगा कि उनके बीच डीएम आएंगे। लेकिन जब जिले के कलेक्टर इंद्र विक्रम सिंह खेतों में काम करते किसानों के बीच पहुंचे तो किसान भी हैरान रह गए और उनकी हैरानी का ठिकाना उस समय नहीं रहा जब डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने खुद मौके पर धान निकालना शुरू किया। उन्होंने स्वयं धान की क्रॉप कटिंग की। किसान हैरानी से देख रहे थे कि उनके जिले के कलेक्टर साहब उनके साथ खेती की बारीकियों को समझा रहे हैं। एक अधिकारी का अंदाज किसानों को बेहद पसंद आया।

### वरिष्ठ भाजपा नेता ने की सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील

## जिसे भी मिले टिकट हम दिलाएंगे उसे सबसे बड़ी जीत : जगदीश साधना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना हमेशा से पार्टी हित में कार्यकर्ता भाव के साथ काम करते हैं। वो भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं और कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हैं। उत्तर प्रदेश पंजाबी एकेडमी के सदस्य रहे हैं। पंजाबी समाज के प्रतिष्ठित चेहरों में गिनती होती है। अब जब विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के टिकट को लेकर चर्चा चल रही है तब ऐसे में कार्यकर्ता भाव के साथ जगदीश साधना आगे आए।



उन्होंने यहां कमल का फूल खिलाने की बात कही, कमल के फूल को जिताने की बात कही, कमल के फूल को चुनाव लड़ाने की बात की। जगदीश साधना ने कहा कि मैं भाजपा के सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकताओं से सभी माता-बहनों से हाथ जोड़कर यह प्रार्थना करता हूं कि वो मिलकर शहर विधानसभा की जीत को भारी वोटों से जिताकर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की झोली में डाले। तभी प्रदेश का और देश का विकास होगा।

जगदीश साधना ने कहा कि कोई भी ये बात ना सोचे की टिकट पंजाबी को मिला है या वैश्या को मिला है हम केवल भाजपा का चुनाव चिन्ह देखें, भाजपा का उम्मीदवार देखें और सभी मिलकर सबसे बड़ी जीत की ओर आगे बढ़ें। टिकट का ऐलान किसी के भी नाम का हो हमें भाजपा के लिये काम करना है। जो भी व्यक्ति यहां भाजपा के टिकट पर जीतकर विधायक बनेगा वो केवल एक समाज की आवाज नहीं बनेगा बल्कि पूरे गाजियाबाद शहर की बावाज बनेगा। भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और हमें मिलकर कमल का फूल खिलाना है।

## जब ध्वज प्रणाम वालों ने पार्षद को पार्क में बुलाकर समझाया पार्षद प्रतिनिधि ने खींचे फोटो तो फिर उसे भी हिन्दी में समझाया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नदिया पार के हाथी वाले पार्क में फूल वालों को ध्वज प्रणाम वालों ने विकास का मतलब समझाया। समझाने के दौरान जब पार्षद के प्रतिनिधि ने मोबाइल फोन से फोटो सेशन चलाया तो ध्वज प्रणाम वालों को गुस्सा आ गया फिर वो हुआ जो पार्क में मौजूद लोगों ने देखा। किस्सा नदिया पार के एक वार्ड से जुड़ा है। यहां पार्क की हालत को लेकर ध्वज प्रणाम वाले नाराज थे। वो चाहते थे कि जब यहां वार्ड में फूल खिला है तो फिर पार्क में धूल भी नहीं होनी चाहिए। वो कई दिन से इस बात को कह रहे थे पार्षद की अपनी मजबूरी रही होगी। बहरहाल ध्वज प्रणाम वाले कई लोग मिलकर भगवा पार्षद के घर गए। पार्षद जब हाथ नहीं आए तो ध्वज प्रणाम वाले पार्क में आए और उन्होंने पार्षद को फोन कर पार्क में बुलाया। उन्हें पार्क की हालत को दिखाया।

पार्षद ने ध्वज प्रणाम वालों को कहा कि अभी यह पार्क निगम को हैंडओवर हुआ है और कुछ तकनीकी कारण है जल्द ही पार्क को आपके अनुरूप सही करा दिया जायेगा। अब बताते हैं कि यह वातार्लाप चल ही रहा था कि पार्षद जी के प्रतिनिधि सक्सेना ने मोबाइल फोन निकाला और फोटो खींचनी शुरू कर दी। पार्षद तो समझदार हैं और जानते हैं कि ध्वज प्रणाम वालों का प्रोटोकॉल क्या है। कौन सी बात उनके सामने करनी है और कौन सी बात उनके सामने नहीं करनी। मगर पार्षद प्रतिनिधि अभी इतने मैच्योर नहीं हुए है और वो भी सियासत में मासूम हैं। उन्हें इतना पता है कि मैंबर साहब जब भी चार लोगों से जनहित के मुद्दे पर बात करेंगे तो फोटो खींचनी है। लिहाजा वो इसी भावना के साथ मोबाइल से फोटो खींच रहे थे।

**समझाने के दौरान जब पार्षद के प्रतिनिधि ने मोबाइल फोन से फोटो सेशन चलाया तो ध्वज प्रणाम वालों को गुस्सा आ गया फिर वो हुआ जो पार्क में मौजूद लोगों ने देखा। किस्सा नदिया पार के एक वार्ड से जुड़ा है।**

बताते हैं कि ध्वज प्रणाम वालों को ये फोटो सेशन बुरा लगा और उन्होंने फोटो खींचने वाले पार्षद प्रतिनिधि को ही हिंदी में समझा दिया। गुस्से में कहा कि ये फोटो-फोटो खेल रहे हो चलो पार्क से बाहर जाओ। बताते हैं कि इस दौरान भगवा पार्षद ने बेहद शालीनता और संयम से काम लिया। उन्होंने ध्वज प्रणाम वालों को फिर प्रणाम किया और वहां से वापस आ गये। बहरहाल पार्क में इस सीन को देखने वाले इस बात पर तफसरा कर रहे हैं कि फोटो फ्रेम में नहीं आना चाहिए था, फोटो डिलीट कराना चाहिए था, लेकिन पार्क में पब्लिक के सामने इस तरह पार्षद और उनके प्रतिनिधि के साथ कठोर शब्दों में नहीं समझाना चाहिए था।

# आप सरकार ने मुख्यमंत्री जय भीम और फरिश्ते योजना फिर से की शुरू



**नई दिल्ली।** सीएम आतिशी ने कहा दिल्ली कैबिनेट ने मुख्यमंत्री जय भीम योजना के दोबारा शुरूआत को मंजूरी दी है। इस योजना के जरिये प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग पाकर अब युवा दोबारा अपने सपनों को पूरा कर सकेंगे। दिल्ली में मुख्यमंत्री जय भीम योजना को लेकर सीएम आतिशी और अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने का षड्यंत्र रचकर मुख्यमंत्री जय भीम योजना को ठप कर दिया गया था। लेकिन शिक्षा के जरिए गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ाने के अरविंद केजरीवाल के विजन के आगे ये सारे षड्यंत्र धराशायी हो गए। आज अरविंद के मार्गदर्शन में दिल्ली कैबिनेट ने मुख्यमंत्री जय भीम योजना के दोबारा शुरूआत को मंजूरी दी है। इस योजना के जरिये प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग पाकर अब युवा दोबारा अपने सपनों को पूरा कर सकेंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'भाजपा वालों ने दिल्लीवालों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिल्ली के लोगों को मैं तकलीफ में नहीं देख सकता, दिल्ली वाले मेरे परिवार का हिस्सा हैं। अब मैं जेल से बाहर आ गया हूं और भाजपा द्वारा रोके गए सभी कामों को हम दोबारा शुरू करा रहे हैं। इसी क्रम में दिल्ली सरकार 'मुख्यमंत्री जय भीम योजना' को दोबारा शुरू कर रही है। इस योजना के तहत दलित, और एहर समाज के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी मुफ्त में कराई जाएगी। अब गरीबों के बच्चे भी तरक्की करके देश के विकास में अपना योगदान देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली में पुरानी सरकारों ने कोई काम नहीं किया था और इसलिए उन्हें टकराना नहीं पड़ता था। मनीष सिसोदिया ने स्कूल बनाए और इसलिए उन्हें जेल जाना पड़ा। अगर हम भी कुछ काम ना करें तो हमें भी संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। हमारी किसी पार्टी से दुश्मनी नहीं है, हम व्यवस्था को ठीक करना चाहते हैं। भाजपा वालों ने फरिश्ते योजना भी बंद करा दी थी लेकिन अब हमने इसे दोबारा चालू करा दिया है।

इस योजना के तहत सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को किसी भी अस्पताल में भर्ती कराया जा सकेगा और भर्ती कराने वाले से कोई सवाल नहीं पूछा जाएगा। इसके साथ घायल व्यक्ति के इलाज में आया पूरा खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी। इस योजना की वजह से अब तक हम लोग 26 हजार से ज्यादा लोगों की जान बचा चुके हैं।

# महाकुंभ 2025 : ऐप बेस्ड वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम बनेगा जल प्रबंधन का आधार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जनवरी 2025 में शुरू होने वाले महाकुंभ को लेकर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में तेजी ला रही है। सीएम योगी का विजन है कि महाकुंभ दिव्य और भव्य होने के साथ ही आधुनिक तकनीक का समावेश करते हुए नव्य स्वरूप में श्रद्धालुओं व पर्यटकों के समक्ष प्रदर्शित हो। ऐसे में, योगी सरकार द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र को नवीन सुविधाओं से युक्त करने के साथ ही पूरे प्रयागराज में तमाम इनोवेशन और टेक बेस्ड इनीशिएटिव्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में योगी सरकार वेबसाइट और मोबाइल ऐप बेस्ड ह्वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में जल प्रबंधन की प्रक्रिया को पूरा करने पर फोकस कर रही है। यह मोबाइल ऐप बेस्ड वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के लिए निर्मित किया जाएगा जो आधुनिक सुविधाओं युक्त होगा। इसके जरिए जल प्रबंधन की विभिन्न गतिविधियों की निगरानी व पूर्ति जैसे कार्यों को पूरा किया जा सकेगा। सीएम योगी के विजन अनुसार, इस आधुनिक सुविधा युक्त ऐप बेस्ड सिस्टम के विकास और निर्माण का कार्य यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को सौंपा गया है। परियोजना के अनुसार, महाकुंभ जल निगरानी प्रणाली एक व्यापक समाधान है जो एक वेब पोर्टल और एक मोबाइल एप्लिकेशन को एकीकृत करता है, जिसे विभिन्न पूर्वनिर्धारित नियंत्रण बिंदुओं पर जल स्तर की निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य डाटा को त्वरित समीक्षा के लिए संक्षिप्त, पूर्व-संगठित प्रारूप में समेकित करना और बढ़े हुए जल स्तर, भारी वर्षा और बाढ़ जैसी स्थितियों के दौरान त्वरित निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करना है।

### ऐप और वेबसाइट को इन सुविधाओं से किया जाएगा युक्त...

- सिक्योर रोल बेस्ड लॉग-इन, रोल स्पेसेफिक डैशबोर्ड और सिक्योर ऑथेंटिकेशन।
- नए कंट्रोल प्वॉइंट्स को बनाने के लिए जीपीएस को-ऑर्डिनेट्स का संकलन, कंट्रोल प्वॉइंट्स की रेगुलर अपडेट्स और लॉग रिपोर्ट तैयार करने में सक्षम होगा।
- ऑटोमैटिक डाटा कंपाइलेशन, कंट्रोल प्वॉइंट्स की जियो टैगिंग, समरी रिपोर्ट तथा अलर्ट व नोटिफिकेशन मैकेनिज्म से युक्त होगा।
- गूगल मैप्स के साथ इंटीग्रेशन आर्क जीआईएस तथा मैप्स पर वन व्यू डाटा की जानकारी, क्लिक एबल्ड मैप मार्कर्स व डेंजर जोन की कंप्लायंस रिपोर्ट का संकलन कर सकेगा।
- यूजर फ्रेंडली इंटरफेस, हाइपरलिंक एक्सटेंशन, ईजी नेविगेशन तथा डीटेल्ड डाटा का एक्सपोर्ट ऑप्शन उपलब्ध कराने में सक्षम होगा।
- मैप पर उपलब्ध जियोग्राफिकल फीचर्स के रोबस्ट फिल्टरिंग मैकेनिज्म को डेवलप करने में सक्षम होगा।
- कंट्रोल प्वॉइंट्स के ट्रेंड एनालिसिस व प्रेडिक्शन मैट्रिक्स लेआउट एनालिसिस के लिए ग्राफ व चार्ट का संकलन उपलब्ध कराएगा।

## न्यूज डायरी

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में सत्येंद्र जैन को मिली जमानत, केजरीवाल ने लिखा- वेलकम बैक



**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को आप नेता और दिल्ली के पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में जमानत दी। इसमें मुकदमे में देरी और उनके लंबे समय तक जेल में रहने का हवाला दिया गया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि मुकदमे में देरी और 18 महीने की लंबी कैद और इस तथ्य को देखते हुए कि मुकदमा शुरू होने में लंबा समय लगेगा, निष्कर्ष की बात तो दूर, आरोपी को राहत दी जानी चाहिए।

#### 'गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं जैन'

इससे पहले सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने आरोपियों और ईडी की ओर से आवेदन पर दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। जैन के वकील ने अदालत से कहा था कि उन्हें आगे हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। ईडी ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा था कि यदि जैन को रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। ईडी का मामला 2017 में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जैन के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से सामने आया है।

#### सत्येंद्र की पत्नी भी हैं आरोपी

जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2009-10 और 2010-11 में फर्जी कंपनियां बनाईं। इन कंपनियों में अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इस मामले में ईडी ने सत्येंद्र जैन के अलावा जिन्हें आरोपी बनाया है उनमें उनकी पत्नी पूनम जैन, अजीत प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव जैन, अंकुश जैन, मेसर्स अकिंचन डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड, मेसर्स प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और जेजे आइडियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है। ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 को गिरफ्तार किया था।

#### वेलकम बैक सत्येंद्र : केजरीवाल



जमानत मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए लिखा, सत्येंद्र जैन को भी दो साल से ज्यादा जेल में रहने के बाद बेल मिल गई। इनका कसूर क्या था? इनके यहां कई कई बार रेड हुई। एक पैसा भी नहीं मिला। इनका कसूर सिर्फ इतना था कि इन्होंने मोहल्ला क्लिनिक बनाये और दिल्ली के सभी लोगों का पूरा इलाज मुफ्त कर दिया। मोहल्ला क्लिनिक बंद करने के लिए और गरीबों का फ्री इलाज रोकने के लिए मोदी जी ने इन्हें जेल में डाल दिया। लेकिन भगवान हमारे साथ है। आज ये भी रिहा हो गए। वेलकम बैक सत्येंद्र!

# ड्रोन, स्पेस डिफेंस और जैविक हथियार डिफेंस सेक्टर के लिए चुनौती : राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** नई टेक्नोलॉजी ने डिफेंस सेक्टर को ट्रांसफॉर्म किया है। आज पारंपरिक युद्ध का जो स्वरूप हम अपने आसपास देखते हैं, वह आज से 50-60 साल पहले के स्वरूप से कहीं ज्यादा अलग है। जमीन पर, हवा में या फिर समुद्र में जिन हथियारों एवं उपकरणों का प्रयोग होता था, आज टेक्नोलॉजी की वजह से उनमें बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। यह बातें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कही। वह दिल्ली में आयोजित रक्षा प्रौद्योगिकी पर आयोजित डीआरडीओ की एक कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डिफेंस सेक्टर में टेक्नोलॉजी का प्रभाव सिर्फ कन्वेंशनल वॉरफेयर तक ही सीमित नहीं रहा। टेक्नोलॉजी ने रक्षा क्षेत्र में एक नए गैर परंपरागत वॉरफेयर को जन्म दिया है। ड्रोन, साइबर वॉरफेयर, जैविक हथियार और स्पेस डिफेंस जैसे अनेक एलिमेंट डिफेंस सेक्टर के लिए एक चुनौती बनकर उभरे हैं। इसके साथ ही रक्षा मंत्री ने रिसर्चर्स को संबोधित करते हुए कहा कि एक परिवर्तनकारी दौर में जिस तरह से आप डिफेंस व रिसर्च एवं डेवलपमेंट के क्षेत्र में अपने कदम आगे बढ़ा रहे हैं, वह निश्चित रूप से हमारे डिफेंस सेक्टर को और भी ज्यादा मजबूत बनाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह काम कोई एक संस्था या इंस्टीट्यूशन अकेले नहीं कर रहा है बल्कि स्टार्टअप, देश के वैज्ञानिक, उद्योगपति, शिक्षा जगत व युवा उद्यमी सभी एक साथ मिलकर इस काम को कर रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि, मुझे ऐसा लगता है कि वक्त आ गया है जब डिफेंस सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी को लीड लेना चाहिए, मैं भागीदारी की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि प्राइवेट सेक्टर को अब लीड लेना चाहिए। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि प्राइवेट इंडस्ट्री तेजी से हो रहे परिवर्तनों को आत्मसात करने के साथ-साथ नए नवाचार बनाने की भी क्षमता रखती है। रक्षा मंत्री का कहना है कि आज दुनिया जिस तरह से बदल रही है, टेक्नोलॉजी और रिसर्च का महत्व भी उसी अनुपात में तेजी से बदल रहा है। टेक्नोलॉजी की वर्तमान समय में क्या भूमिका है और भविष्य में क्या भूमिका होने वाली है, सभी लोग इससे परिचित हैं। भारत सरकार और रक्षा मंत्रालय भारत के डिफेंस सेक्टर को और भी ज्यादा इनोवेटिव और टेक्नोलॉजी ओरिएंटेड बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

# हरियाणा कांग्रेस विधायक दल की बैठक शुरू



**हरियाणा।** हरियाणा कांग्रेस विधायक दल की बैठक चंडीगढ़ पार्टी कार्यालय में हो रही है। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, कुमारी सैलजा और सभी विधायक मौजूद हैं। चंडीगढ़ में हरियाणा कांग्रेस विधायक दल की बैठक शुरू हो गई है। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, कुमारी सैलजा और सभी विधायक मौजूद हैं। पार्टी हाईकमान की तरफ से भेजे गए केंद्रीय पर्यवेक्षक राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पंजाब में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा और अजय माकन भी बैठक में पहुंचे हैं। टीएस सिंह देव भी बैठक में मौजूद हैं। चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय में बैठक हो रही है।

बैठक में विधायक दल का नेता चुनने के साथ ही पार्टी की आगामी रणनीति भी तैयार की जाएगी। पहले पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा विधायक दल के नेता थे, लेकिन अब हार के बाद उनको बदलने को लेकर दूसरा गुट दबाव बना रहा है। हालांकि, दो दिन पहले ही दिल्ली में हुड्डा कुल 37 में से 31 विधायकों को अपने आवास पर बुलाकर अपनी ताकत दिखा चुके हैं।

# एनकाउंटर के बाद जुमे की नमाज पर बहराइच सहित कई जिलों में अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर पहरा



**लखनऊ।** बहराइच में हुई हिंसा और पांचों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद बहराइच सहित आसपास के जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र के महाराजगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद भड़की हिंसा में कई दुकानें जल गईं। हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी दो भाइयों को गुरुवार को गोली लगी थी। इस घटना को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। जिले में जुमे की नमाज के दिन चप्पे चप्पे पर पुलिस का कड़ा पहरा है। शहर के घण्टाघर पर एडीजी गोरखपुर केएस प्रताप, डीआईजी देवीपाटन अमरेंद्र प्रताप व एसपी वृंदा शुक्ला ने भ्रमण कर सुरक्षा बंदोबस्त का जायजा लिया। अमन व शान्ति तथा आमजन में सुरक्षा का एहसास कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों तथा सुरक्षा बलो के वाहनों के साथ लगातार नगर क्षेत्र में भ्रमणशील हैं। डीएम व एसपी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ घण्टाघर से छावनी होते हुए दरगाह शरीफ से रामलीला मैदान होते हुए बशीरगंज चौराहा, जामा मस्जिद तथा रोडवेज सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया तथा वापस लौटकर आदर्श पुलिस चौकी घण्टाघर पहुंच कर कानून एवं शान्ति व्यवस्था का जायजा ले रही हैं। इसी तरह श्रावस्ती में जुमे की नमाज के दौरान अमन चैन बना रहे। इसके लिए प्रशासन कड़ी चौकसी बरत रहा है। एक तरफ जहां राजपत्रित अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है। वहीं, जिले की प्रमुख मस्जिदों के आसपास दंगा नियंत्रण यंत्रों व अग्निशमन वाहनों के साथ भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात रहने का निर्देश दिया गया है। मामले में एसपी घनश्याम चौरसिया ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र की मस्जिदों पर पूरी तैयारी के साथ मुस्तैद रहने का निर्देश दिया है ताकि कहीं कोई अप्रिय घटना को तत्काल रोका जा सके साथ ही एसपी ने जिलेवासियों से अमन चैन बनाए रखने की अपील करते हुए कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटने की बात कही है।

# सीएम नायब सिंह सैनी ने ग्रहण किया पदभार 2.80 करोड़ लोगों की सेवा करने का किया वादा



**चंडीगढ़।** हरियाणा के नए मुख्यमंत्री के रूप में अपने 13 कैबिनेट सहयोगियों के साथ शपथ लेने के बाद नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण किया और प्रदेश के 2.80 करोड़ लोगों की सेवा करने का वादा किया। मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद सीएम सैनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ‍‍मैंने राज्य के मुख्य सेवक के रूप में कार्यभार संभाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका विकास' संदेश को दोहराते हुए कहा कि मैं भावुक और नतमस्तक हूं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का संकल्प सर्वोपरि है।

हरियाणा को सर्वश्रेष्ठ, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारी पूर्ण बहुमत वाली सरकार सेवा, सुशासन, समानता, समृद्धि और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित रहेगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने 10 वर्षों की एंटी-इनकंबेंसी को दरकिनार करते हुए राज्य में पूर्ण बहुमत हासिल कर लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत एनडीए के कई नेताओं की उपस्थिति में दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मंत्रिपरिषद ने भी पंचकूला में 45 मिनट चले समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। मंत्रिपरिषद में 11 कैबिनेट मंत्री और दो राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) शामिल हैं। पंचकूला में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 11 कैबिनेट मंत्रियों और दो स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों सहित मंत्रिपरिषद ने गुरुवार को शपथ ली राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सैनी और उनके मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई थी। दो महिला कैबिनेट मंत्री आरती राव और श्रुति चौधरी पहली बार विधायक बनी हैं।

# यूपी पुलिस का दावा, साढ़े सात साल में 80 हजार से अधिक अपराधियों को मिली गुनाहों की सजा



**लखनऊ।** यूपी पुलिस की प्रभावी पैरवी से 54 अपराधियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई है। महिला एवं किशोरियों के खिलाफ अपराधों में सर्वाधिक मृत्युदंड दिया गया है। यूपी पुलिस ने दावा किया गया है कि प्रदेश में अपराध को नियंत्रित करने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम किया जा रहा है। यूपी पुलिस जहां एक तरफ सीधा मुकाबला करते हुए अबतक 210 बदमाशों को ढेर कर चुकी है, वहीं एक बहुत बड़ी संख्या ऐसे अपराधियों की भी है, जिन्हें न्यायालय में पुलिस की प्रभावी पैरवी से बेदम कर दिया गया है। यूपी पुलिस का अभियोजन निदेशालय इसमें अहम रोल अदा कर रहा है। पिछली सरकारों में जहां अभियोजन निदेशालय हाशिये पर रहता था, वहीं योगी सरकार ने इसे खास तरजीह दी है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में अभियोजन निदेशालय की प्रभावी पैरवी से पिछले साढ़े सात वर्षों में 80 हजार से अधिक अपराधियों को उनके गुनाहों की सजा मिल चुकी है।

पॉक्सो एक्ट में 12,135 और प्रदेश के दुर्दांत व टॉप 10 कैटेगरी के 496 अपराधियों को दिलायी सजा एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत अगस्त-24 तक 12,135 अपराधियों को गुनाहों की सजा दिलायी गयी है। इनमें 44 अपराधियों को मृत्युदंड, 1,354 अपराधियों को आजीवन कारावास, 4,599 अपराधियों को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 6,138 अपराधियों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है। इसी तरह अगस्त-24 तक प्रदेश के दुर्दांत और टॉप 10 कैटेगरी के 496 अपराधियों को सजा दिलायी गयी है।

### पिछले साढ़े सात साल में 81,196 से अधिक अपराधियों को दिलायी गयी सजा

अभियोजन निदेशालय के एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पिछले साढ़े सात साल में 81,196 से अधिक अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये सजा दिलायी गयी है। इनमें 29,196 अपराधियों में से 54 को मृत्युदंड, 3125 अपराधियों को आजीवन कारावास, 9,076 अपराधियों को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 16,941 अपराधियों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है। इसके अलावा पिछले 16 माह में ऑपरेशन कन्वेशन के तहत पुलिस और अभियोजन विभाग की ओर से अब तक 52,000 से अधिक अपराधियों को सजा दिलायी जा चुकी है। महिला संबंधी अपराधों में क्रमशः महिलाओं के खिलाफ लैंगिक, बलात्कार, गंभीर अपराध, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य अपराध के मामलों में अगस्त-24 तक 28,700 अपराधियों को सजा दिलायी जा चुकी है। इनमें केवल महिलाओं के खिलाफ लैंगिक, बलात्कार, गंभीर अपराध समेत अन्य अपराध में 16,565 अपराधियों को सजा दिलायी गयी है। इन मामलों में 9 अपराधियों को मृत्युदंड, 1,720 को आजीवन कारावास, 4,443 को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 10,393 को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है।

# रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान भव्य ड्रोन शो कराएगी योगी सरकार



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में भक्ति, अध्यात्म, आधुनिकता और संकल्प की शक्ति को सार्थक करने में जुटी योगी सरकार दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए एरियल ड्रोन शो का आयोजन करेगी। सीएम योगी के विजन अनुसार, अयोध्या के आकाश में रंग-बिरंगी रोशनी युक्त 500 ड्रोन के जरिए भव्य एरियल ड्रोन शो का आयोजन होगा। इसके जरिए, दीपोत्सव के दौरान मुख्य कार्यक्रम में 15 मिनट तक एरियल ड्रोन शो आयोजन होगा। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 'मेड इन इंडिया' ड्रोन का इस्तेमाल होगा। एरियल ड्रोन शो के जरिए प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की वीर मुद्रा का लोग दर्शन कर सकेंगे और इस कार्यक्रम में लेजर लाइट्स, वॉयस ओवर व म्यूजिकल नैरेशन के जरिए समां बांधा जाएगा। रावण वध, पुष्पक विमान, दीपोत्सव, राम दरबार, वाल्मीकि, तुलसीदास और राम मंदिर को भी अयोध्या के आकाश में ड्रोन के जरिए दशार्या जाएगा, जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो उठेंगे। वहीं, दीपोत्सव, यूपी सरकार व पर्यटन विभाग के लोगो भी कार्यक्रम में अयोध्या के आकाश पर साकार हो उठेंगे। प्रभु रामलला के विग्रह के भव्य मंदिर में विराजित होने के बाद पहली बार आयोजित होने जा रहे दीपोत्सव कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, 8वें दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए एरियल ड्रोन शो का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होगा। 30 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम से पूर्व 29 अक्टूबर को ड्रोन शो की रिहर्सल भी की जाएगी, जिससे ड्रोन के समन्वय और फॉर्मेशन के सही क्रम को परखा जाएगा। राम की पैड़ी पर इस ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के अंतर्गत, 15 फॉमेर्शंस को आकाश में साकार करने की योजना है।

### दिल्ली में छाई धुंध, 'खराब' श्रेणी में पहुंचा एक्यूआई दिल्ली सरकार ने बुलाई आपात बैठक



**नई दिल्ली।** राजधानी में प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार एक्शन मोड में है। सभी 13 हॉटस्पॉट में प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की आपातकालीन बैठक बुलाई है। उधर, आनंद विहार में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण मंत्री ने प्रदूषण से प्रभावित 13 क्षेत्रों में जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीपीसीसी, पर्यावरण विभाग, ट्रांसपोर्ट विभाग, ट्रैफिक पुलिस समेत अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे।

**कार्यालय : कविनगर जोन, नगर निगम गाजियाबाद**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या डी 500, मोहल्ला गोविन्दपुरम गाजियाबाद, नगर निगम के सम्पत्तिकर अभिलेखों में दर्ज नाम श्रीमति सुमित्रा सिंह के स्थान पर श्री सुरेन्द्रपाल सिंह व राजीव सिंह का नाम दर्ज किये जाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं निर्धारित शुल्क जमा कर उक्त भवन पर दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन पर नाम परिवर्तन में आपत्ति हो तो वह कविनगर जोन कार्यालय, नगर निगम गाजियाबाद में प्रमाणित साक्ष्यों सहित 30 दिवस के अन्दर अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें।

**कर अधीक्षक**
**कविनगर जोन**
**नगर निगम गाजियाबाद**

दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com



करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# अम्बेडकर पार्क से फूंका कांग्रेस ने शहर विधानसभा उपचुनाव का बिगुल

## संविधान संकल्प सम्मेलन से दिखाई ताकत और कहा लड़ेंगे लड़ाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को कांग्रेस ने नवयुग मार्किट के अम्बेडकर पार्क से शहर विधानसभा उपचुनाव का बिगुल फूंका। कांग्रेस के नेताओं ने यहां संविधान संकल्प सम्मेलन आयोजित किया। उन्होंने कहा हम यह संविधान बचाओ संकल्प पुरी देश में लेकर जायेंगे और भारतीय संविधान को हम सुरक्षित रखने की लड़ाई लड़ेंगे। जन-जन तक पहुंचने का काम करेंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व लोकसभा प्रत्यशी डॉली शर्मा ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी संविधान बचाओ देश में आवाज उठा रहे हैं।

उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए गाजियाबाद में सभी कांग्रेसी कार्यकताओं ने एक साथ आकर संविधान संकल्प सम्मेलन आयोजित किया और संकल्प लिया।

महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि महानगर कांग्रेस कमेटी विश्वास दिलाती है कि हम संविधान बचाएं संकल्प को घर-घर, वार्ड-वार्ड, गली-गली तक लेकर जाएंगे और राहुल गांधी के संविधान बचाओ संकल्प को पूर्ण रूप से सफल बनाने का कार्य करेंगे।







### अविनाश पांडे-अजय राय-प्रदीप नरवाल-अराधना मिश्रा ने मंच से किया संकल्प ऐलान








**करंट क्राइम।** शुक्रवार को संविधान संकल्प सम्मेलन नवयुग मार्केट अम्बेडकर पार्क में महानगर कांग्रेस कमेटी जिला कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से अयोजित किया। सम्मेलन की अध्यक्षा महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने की। मुख्य अतिथि अविनाश पांडे राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश एवं अजय राय प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदीप नरवाल राष्ट्रीय सचिव प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विदित चौधरी राष्ट्रीय सचिव आराधना मोना मिश्रा विधायक दल के नेता प्रभारी गाजियाबाद तनुज पुनिया संसद पर्यवेक्षक गाजियाबाद डॉली शर्मा राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दानिश अली पूर्व सांसद अविनाश पांडे राष्ट्रीय महासचिव अजय राय प्रदेश अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से बयान दिया कि हमारे नेता राहुल गांधी ने जो मिशन संविधान संकल्प बचाओ लिया है। हम उस संकल्प को लेकर पूरे देश में जायेंगे।

### जिले के इन कांग्रेस नेताओं ने भी रखे अपने-अपने विचार

**करंट क्राइम।** इस मौके पर विनीत त्यागी जिला अध्यक्ष, नरेंद्र भारद्वाज पूर्व महानगर अध्यक्ष, विजेंद्र यादव प्रदेश महासचिव, सुशांत गोयल प्रदेश महासचिव, ओमवीर यादव प्रदेश महासचिव, रंजन शर्मा प्रदेश सचिव प्रभारी गाजियाबाद, पंकज तानिया प्रदेश सचिव, सतीश शर्मा पूर्व मंत्री, हरेंद्र अग्रवाल पूर्व एमएलसी, केके शर्मा पूर्व विधायक, विजयपाल चौधरी पीसीसी सदस्य, डॉक्टर संजीव शर्मा, मनोज भारद्वाज, सोनल नागर महिला जिलाध्यक्ष, सूर्यकांत जिला अध्यक्ष अनुसुचित जाति, आदिल चौधरी महानगर अध्यक्ष अनुसुचित जाति, कपिल यादव जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कार्यकर्ता, आसिफ जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, शादाब महानगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस, नसीम खान पूर्व प्रदेश सचिव, नरेंद्र चौहान, सीटन सरदार, शुभम शर्मा, अमित यादव, सिराजुद्दीन सिराजू आदि हजारों लोग मौजूद रहे।

### विजय चौधरी की कप्तानी में कांग्रेस खेल रही है फ्रंट-फुट पर



**करंट क्राइम।** सियासी रूप से सुस्त चल रही कांग्रेस अब चुस्त मोड में दिखाई दे रही है। बड़ी बात ये है कि वो उस भगवागढ़ में उभर कर सामने आई हैं जहां मोहल्ले के पार्षद से लेकर लोकसभा सांसद तक भाजपा है। जहां मेयर से लेकर एमएलसी तक भाजपा है। उस गढ़ में कांग्रेस अब एक ललकार के साथ है। उसने पहले हिंदी भवन में बूथ सम्मेलन किया। अपनी ताकत दिखाई और अब वो अम्बेडकर पार्क में एक नए जोश के साथ आई है। कांग्रेस के लिए सुखद संकेत ये है कि उसके नेता अब मैदान में आ गये हैं। शहर सीट पर चुनाव होना है और शहर क्षेत्र यानी महानगर संगठन के क्षेत्र में सफल कार्यक्रम है तो इसका सेहरा भी महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी के सिर बंधेगा। यहां जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी भी मेहनत कर रहे हैं। लेकिन एक बड़ी बात ये है कि महानगर में कांग्रेस अब एक्टिव मोड में दिख रही है। उसने अम्बेडकर पार्क में एक बड़ी भीड़ जुटाई। राजनीति में भीड़ सफलता का संदेश होती है। विजय चौधरी के नेतृत्व में टीम वर्क पूरी थीम वर्क के साथ दिखाई दे रहा है। कांग्रेस संघर्ष वाले अंदाज में है। कांग्रेसी हर कार्यक्रम में जुट रहे हैं। ऐसे में संगठन की तारीफ लाजमी है। कांग्रेस में एक नई जान दिखाई दे रही है। महानगर की टीम ने विजय चौधरी की कप्तानी में संकेत दिये हैं कि कांग्रेस यहां इतनी आसानी से मैदान नहीं छोड़ेगी और पूरी ताकत के साथ आ रही है।






# हाउस टैक्स को लेकर गुमराह न हों सम्मानित करदाता : विक्रमादित्य मलिक

## निगम डोर टू डोर टैक्स कलैक्शन में वसूल रहा है ऑनलाइन भुगतान



**केवल जोनल कार्यालयों की कैश विंडो पर ही जमा होता है नगद संपत्ति कर, अन्य माध्यमों में ऑनलाइन प्रक्रिया को ही अपनाएं करदाता : नगर आयुक्त**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा केवल जोनल कार्यालयों की कैश विंडो पर नगद हाउस टैक्स वसूली की जाती है जिसकी रसीद भी उसी समय करदाता को दी जा रही है। इसके अलावा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किसी भी प्रक्रिया में हाउस टैक्स नगद में नहीं वसूला जा रहा है। समस्त जोनल कार्यालय द्वारा डोर टू डोर टैक्स कलेक्शन कार्य करदाताओं की सहूलियत हेतु किया जा रहा है, जिसमें केवल यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान प्राप्त किया जा रहा है या फिर चेक के माध्यम से टैक्स वसूली की जा रही है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा टैक्स विभाग टीम तथा जोनल प्रभारियों को भी टैक्स वसूली को मजबूत बनाने के साथ-साथ टैक्स वसूली कर रहे कर्मचारियों पर निगरानी रखने के लिए भी निर्देश दिए हैं। किसी प्रकार की लापरवाही की शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही दोषी के विरुद्ध की जाए आदेशित किया गया है। सम्मानित करदाताओं से मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव द्वारा अपील की गई है कि केवल कैस विंडो पर ही नगद हाउस टैक्स का भुगतान करें और रसीद प्राप्त करें। इसके अलावा अन्य चल रही प्रक्रिया में केवल ऑनलाइन भुगतान ही किया जाए, अपील की गई है।

गाजियाबाद नगर निगम समय-समय पर सम्मानित करदाताओं की सहूलियत के लिए कैंप भी लगा रहा है, जिस पर हाउस टैक्स के लिए यूपीआई ऑनलाइन सुविधा तथा कैश की सुविधा दोनों उपलब्ध रहती हैं। संपत्ति कर कैश में जमा करने पर प्राप्ति रसीद अवश्य प्राप्त करें गाजियाबाद नगर निगम द्वारा करदाताओं से अपील की जा रही है।

# पत्थर से हमला कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

## किसी से बात करने पर करता था शक, 13 अगस्त को किया हमला,उपचार के दौरान हुई मौत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में किसी अन्य से बात करने के शक में पत्नी की पति ने नुकीले पत्थर से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना 13 अगस्त की है। गाजियाबाद में एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया 13 अगस्त 2024 को चांद नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी चांदनी पर नुकीले पत्थर से हमला कर दिया था। जिसका इलाज चल रहा था। 16 अक्टूबर 2024 को चांदनी की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसके बाद मारपीट की घटना को हत्या में तब्दील किया गया।

पुलिस ने शुक्रवार को चांद पुत्र रहसूद्दीन निवासी कुशलिया थाना मसूरी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक चांद ने पूछताछ में बताया है कि उसकी शादी 2006 में चांदनी के साथ हुई थी। चांद को शक था कि उसकी पत्नी चांदनी किसी अन्य व्यक्ति से बात करती है। जिसे लेकर परिवार में मनमुटाव था और झगड़े होते थे। 13 अगस्त 2024 को भी चांद का सुबह 5:00 बजे अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ। जिस दौरान चांद ने चारपाई के पास जमीन पर रख नुकीले पत्थर... (शेष खबर पेज 6 पर)

# पुलिस ने 55 लाख की अफीम संग दो पकड़े

## झारखंड से ला रहे थे, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में होनी थी सप्लाई




**तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 55 लाख रुपए की 2 किलो 100 ग्राम अफीम हुई बरामद**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच और थाना मुरादनगर पुलिस ने झारखंड से लाई जा रही अफीम समेत दो तस्करों को पकड़ लिया। इनके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक इसकी कीमत 55 लाख रुपए है। गाजियाबाद पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया की गाजियाबाद क्राइम ब्रांच और मुरादनगर पुलिस को अफीम लाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद उन्होंने चेकिंग शुरू कर दी थी। थाना मुरादनगर क्षेत्र के प्रीत विहार बंबा रोड पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 55 लाख रुपए की 2 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद हुई है।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम संजय भुईया और रामचंद्र भुईया बताया है। दोनों जिला चतरा झारखंड के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ में संजय ने बताया कि वह अपने गांव के होटल के पास खाना बनाने का काम करता था। जिसमें उसका परिवार नहीं चल पा रहा था, इसीलिए वह अफीम तस्करी में आ गया। वहीं रामचंद्र ने बताया कि वह सरिया शटरिंग की दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। उसे भी पैसे की जरूरत थी, जिसके चलते वह अफीम की तस्करी में आ ...(शेष खबर पेज 6 पर)

# 22 अक्टूबर को हो सकता है भाजपा उम्मीदवार के नाम का ऐलान

## एसएमएस में हो गई है किसी चीफ के नाम की रोचक और धमाकेदार एंट्री






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा उपचुनाव की रणभेरी बज गई है। चुनावी बेला है और टिकट मांगने वालों का दोनों ही गठबंधन वाले दलों में मेला है। भाजपा और रालोद वाले गठबंधन में रालोद को चुनाव लड़ाना और भाजपा का उम्मीदवार आना है। यूं तो भाजपा से 56 से भी ज्यादा उम्मीदवार टिकट मांग रहे हैं। लेकिन चर्चा में गिनती के चार नाम हैं। इन चार नामों में भी एसएमएस का जिक्र सबसे अधिक मजबूती से हो रहा है।

पार्टी वाले ही इस बात के कयास लगा रहे हैं कि टिकट एसएमएस में से किसी का होना है, लेकिन कभी वो एसएमएस के एम को लेकर दो नाम ले आते हैं तो कभी एस को लेकर विधानसभा के सीमाओं के पार जाते हैं और कभी मामला जिले से पार हो जाता है। बड़ी बात ये है कि अब सारे भगवा दावेदार सांस रोककर टिकट का इंतजार कर रहे हैं। वो टिकट घोषणा के लिये तैयार बैठे हैं। संगठन को टिकट घोषित करना है और सूत्र बताते हैं कि ये टिकट लखनऊ से घोषित होगा। भगवा गढ़ में चुनावी सीन रोचक होता जा रहा है और चुनावी चर्चा में एक और पर्चा वाला फेस आ गया है। बताया जाता है कि एसएमएस वाले सीन में एक चीफ की एंट्री हो गई है। ये नाम काफी मजबूती के साथ सामने आया है। सूत्र बताते हैं कि चीफ की एंट्री के बाद दावेदारी की जंग रोचक हो गई है। चीफ ने साइलेंट लेकिन धमाकेदार एंट्री ले ली है। इसी बीच ये चर्चा पूरे जोरों पर है कि 22अक्टूबर को भाजपा का टिकट घोषित हो सकता है। भाजपा शहर विधानसभा उपचुनाव में अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान घोषित कर सकती है।

### हो जाएगा सीन में कमाल अगर आ गए उम्मीदवार बनकर मिस्टर...

**करंट क्राइम।** जिस नाम ने दावेदारी में एंट्री ली है वो नाम चुनाव के लिये फिलर नहीं बल्कि चुनावी रण का थ्रीलर माना जा रहा है। ये नाम भाजपा के सेवादारों में आता है और कई बड़े प्रोग्राम सफलतापूर्वक आयोजित कराने का पूरा क्रेडिट इनको जाता है। शांत और सौम्य स्वभाव के हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि बुनियादी रूप से भाजपाई विचारधारा के हैं। यहां चुनावी जानकार ये मान रहे हैं कि अगर यहां एसएमएस के बीच दावेदारी की जंग हो गई तो फिर ये रंग बदल सकता है। एक ऐसा नाम आ सकता है जो सबको दंग कर सकता है। सूत्र बता रहे हैं कि अगर मिस्टर चीफ उम्मीदवार बनकर आ गए तो कमल वालों के शहर में कमाल हो जाएगा। उनकी छवि बेहद साफ है और वो गैरविवादित चेहरा हैं। फिलहाल चर्चा में नाम आया है तो कुछ तो आग है जो ये धुंआ उठ रहा है। राजनीति में जब पर्चा भरने वाले नामों में किसी नाम की चर्चा हो तो उसे गंभीर माना ही जाता है।

# किस महामंत्री ने कह दी पार्षद से कुछ ज्यादा ही टाइट वाली बात

## अगर सक्रिय सदस्य बनाने के नहीं हालात तो इस्तीफा दे दें आप




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सदस्यता अभियान को लेकर मुख्यमंत्री ने गंभीरता दिखाई थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी सदस्यता अभियान को प्रमुखता से लेने के लिये कहा था और इसकी गंभीरता यही है कि भाजपा ने अपने सांसदों से लेकर पार्षदों तक को सदस्यता अभियान का टारगेट दिया था, लेकिन जब एक पार्षद ने दिये गये टारगेट से भी बहुत नीचे जाकर परफॉरमेंस दिखाई तो ये बात एक महामंत्री को बहुत बुरी लगी। महामंत्री स्वयं सक्रिय रहते हैं और वो हर अभियान में खुद को अपडेट रखते हैं। पार्टी के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं पर कभी-कभी जज्बाती हो जाते हैं। अपने क्षेत्र में टीआरपी के बादशाह हैं और एक बड़ा जनाधार लिए हुए हैं। जब उन्हें पता चला कि उनके ही क्षेत्र के एक पार्षद ने सक्रिय सदस्यता वाले अभियान में बहुत ही धीमा काम किया है तो बताते हैं कि महामंत्री को तांव आ गया और उन्होंने क्षेत्र के पार्षद को फोन किया।

सूत्र बताते हैं कि महामंत्री ने पार्षद को थोड़ा कठोर शब्दों में समझाया और समझाते-समझाते यहां तक कह दिया कि अगर तुम्हारे बसका सक्रिय सदस्यता बनाने नहीं है तो पार्षद पद से इस्तीफा दे दें। हालांकि ये बात जज्बात में कही गई थी और दोनों ने ही इसे ज्यादा तूल नहीं दिया, लेकिन देखने सुनने वाले बता रहे हैं कि महामंत्री को गुस्सा आ गया था। क्योंकि उनका मानना था कि हमने सभी को टारगेट दिये और खुद अपने लिये भी टारगेट रखा। अगर हमारा प्राथमिक जनप्रतिनिध यानि पार्षद भी अपने मोहल्ले में सदस्य नहीं बना पायेगा तो फिर और कहां बनाएगा।

बताया जाता है कि इसीलिए महामंत्री को हिन्दी में समझा दिया और उनके सामने रिजाइन का ऑफर तक रख दिया और कह दिया कि जब सक्रिय सदस्य बनाने के नहीं है हालात तो फिर आप इस्तीफा ही दे दें। फिलहाल किस्सा सियासत वालों में गूंज रहा है।

## संपादकीय

# बेअसर फटकार

एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण रोकने के लिये प्रभावी कदम न उठाने पर पंजाब व हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि सरकारों ने पराली जलाने के दोषियों से नाममात्र का ही जुमार्ना वसूला, जिसके चलते इसे जलाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। फलत: दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में निरंतर प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाले वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी खरी-खोटी सुनायी है कि उसने पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिये उसके निर्देशों को लागू करने का ईमानदार प्रयास नहीं किया। दो सदस्यीय पीठ ने सख्त नाराजगी जतायी कि गत 29 अगस्त को दिल्ली में वायु प्रदूषण पर चर्चा के लिये बुलाई आयोग की बैठक में ग्यारह में से सिर्फ पांच सदस्य ही शामिल हुए। पराली जलाने की घटनाओं पर शिथिलता बरतने पर कोर्ट ने केंद्र सरकार व वायु गुणवत्ता आयोग को एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दायर करने को कहा है। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिये आगामी 16 अक्तूबर की तारीख तय की है। यह विडंबना ही है कि प्रदूषण के मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तो लगातार होती रही है लेकिन पराली व प्रदूषण बढ़ाने वाले अन्य कारकों पर रोक लगाने के लिये कोई ईमानदार प्रयास होते नजर नहीं आते। अदालत ने गत वर्ष भी कहा था कि पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिये सतत निगरानी की जानी चाहिए। इसके विपरीत दिल्ली सरकार, हरियाणा व पंजाब में पराली का मुद्दा राजनीति के रंग में रंगता रहा है। यही वजह है कि बीते साल की तरह ही इसी मौसम में फिर से प्रदूषण की समस्या विकट होती जा रही है। फिर ठंड का मौसम आते ही भौगोलिक कारणों से प्रदूषण विकराल रूप लेने लगता है। दिवाली पर तो पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है।

निस्संदेह, यह तंत्र की काहिली का ही नतीजा है, जिसके चलते दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी का दर्जा हासिल कर लेती है। दरअसल, प्रदूषण के एक घटक पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि की वजह भी वोटों की राजनीति ही है। सरकारें पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने से बचती रही हैं। उन्हें अपने वोट बैंक के खिसकने की चिंता सताती रहती है। हाल ही में वायु गुणवत्ता आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि गत पंद्रह से पच्चीस सितंबर के मध्य पंजाब में पिछले साल इन दिनों के मुकाबले में दस गुना अधिक पराली जलाने की घटनाएं हुई हैं। वहीं बीते वर्ष इसी अवधि के मुकाबले इस वर्ष हरियाणा में पांच गुना अधिक पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गई। सवाल यह है कि हर साल सितंबर से नवंबर के बीच बढ़ने वाली पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश क्यों नहीं लगाया जा रहा है? बावजूद इसके कि शीर्ष अदालत बार-बार सख्त निगरानी की बात कहती रहती है। लेकिन सरकारों के तमाम दावों के बावजूद किसानों को ऐसा कारगर विकल्प नहीं दिया जा सका है कि किसान को खेत में पराली जलाने की जरूरत न पड़े। दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकारें भी तभी जागती हैं जब राजधानी व उसके आसपास के इलाकों में प्रदूषण के कारण जीवन पर संकट उत्पन्न होने लगता है। यहां तक कि अदालत के आदेश भी क्रियान्वयन की बाट जोहते रह जाते हैं। जबकि आंकड़े बता रहे हैं कि हर साल देश में लाखों लोग वायु प्रदूषण के कारण मौत के मुंह में चले जाते हैं।

## सितंबर में भारत के कार्गो वॉल्यूम में 5 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हुई दर्ज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'परिवहन के माध्यम से परिवर्तन' पर फोकस जलमार्गों को भारत के नए राजमार्गों में बदल रहा है। सितंबर में, 12 प्रमुख बंदरगाहों द्वारा हैंडल किए गए कार्गो की मात्रा बढ़कर 413.747 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) हो गई, जो कि सालाना आधार पर 5.03 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल-अगस्त 2024 के लिए राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल का परिवहन 56.57 एमएमटी तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। भारत के अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से परिवहन किए जाने वाले माल की मात्रा 2013-14 में 18.07 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से छह गुना से अधिक बढ़कर 2023-24 में 133.03 एमएमटी हो गई। सरकार के अनुसार, 2016 में 106 नए राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किए गए। जिसके बाद ऑपरेशनल जलमार्गों की संख्या 2013-14 में 3 से बढ़कर 2024 तक 26 हो गई। इसके अलावा, 14 नए राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास को मंजूरी दी गई है। केरल, गोवा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम में स्थित इन जलमार्गों का विकास 400 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। 'मैरीटाइम इंडिया विजन 2030' और 'मैरीटाइम अमृत काल विजन 2047' के तहत निर्धारित लक्ष्यों के साथ, केंद्र सरकार का लक्ष्य कार्गो यातायात को बढ़ावा देना है। कार्गो यातायात के साथ सरकार का लक्ष्य कार्गो की मात्रा 2030 तक 200 एमएमटी और 2047 तक 500 एमएमटी करना है। इस सप्ताह क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन (आईडब्ल्यूटी) क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से विकास के महत्वपूर्ण अवसर मौजूद हैं, और सरकार विकास को गति देने के लिए पीपीपी मॉडल का विस्तार करने पर विचार कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है, जलमार्ग से 1 टन माल परिवहन की लागत लगभग 1.06 रुपये प्रति किमी है, जो कि रेल द्वारा 1.36 रुपये प्रति किमी और सड़क मार्ग द्वारा 2.50 रुपये प्रति किमी से काफी कम है।



दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# रियल एस्टेट बना भारतीयों के लिए निवेश का पसंदीदा विकल्प, बड़े घरों की मांग में तेजी जारी



**मुंबई।** भारतीयों के बीच निवेश को लेकर रियल एस्टेट उनकी पहली पसंद बन रहा है। इस वर्ष की पहली छमाही के आंकड़े बताते हैं कि 59 प्रतिशत भारतीयों के बीच निवेश के लिए रियल एस्टेट सबसे पसंदीदा एसेट क्लास बना रहा। 57 प्रतिशत निवेशकों का कहना है कि वे शहरों में प्रीमियम संपत्तियां खरीद रहे हैं। प्रीमियम संपत्तियों को खरीदे जाने की वजह किराये की बढ़ती दरें है। ज्यादा किराये के साथ निवेशकों को प्रीमियम संपत्तियों के साथ अच्छी आय प्राप्त हो रही है। फिक्की और एनारॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 51 प्रतिशत लोग 3 बीएचके इकाइयों को पसंद करते हैं, जो बड़े घर की बढ़ती मांग को दशार्ता है। इसमें 67 प्रतिशत खरीदार खुद के इस्तेमाल के लिए संपत्ति चाहते हैं, जबकि 33 प्रतिशत निवेश के उद्देश्य परिसंपत्ति चाहते हैं। रिपोर्ट में भारत के रियल एस्टेट सेक्टर में घर खरीदारों की प्राथमिकताओं और बाजार की गतिशीलता में महत्वपूर्ण बदलावों पर प्रकाश डाला गया है। सेबी के कार्यकारी निदेशक प्रमोद राव ने कहा, उद्योग की दीर्घकालिक सफलता के लिए निवेशकों का विश्वास बहुत जरूरी है और इस विश्वास को बनाने में सेबी का ट्रांसपेरेंसी और प्रशासन पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्थागत निवेश के लिए मजबूत अनुपालन जरूरी होंगे।

फिक्की के पूर्व अध्यक्ष संदीप सोमानी के अनुसार, उपभोक्ताओं की प्राथमिकता में तैयार मकानों से हटकर निमार्णाधीन मकानों की ओर महत्वपूर्ण बदलाव, डेवलपर्स और नियामक वातावरण में बढ़ते विश्वास को दशार्ता है। रिपोर्ट में पाया गया कि तैयार घरों की मांग में काफी गिरावट आई है। नए लॉन्च के मुकाबले तैयार घरों का अनुपात अब 20:25 है।

## भारत का डेटा सेंटर मार्केट 2025 तक 8 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान



**नई दिल्ली।** भारत के डेटा सेंटर मार्केट का मूल्य 2023 में 7 बिलियन डॉलर था, इसके अगले दो वर्षों में 8 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। एक नई रिपोर्ट में दी गई जानकारी के अनुसार, भारत के डेटा सेंटर मार्केट के 2025 तक 8 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़कर 8 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, एक टेक-इनेबल्ड मार्केट इंटेलिजेंस फर्म 1लैटिस की रिपोर्ट के अनुसार, देश की डेटा सेंटर क्षमता 2023 में 1,150 मेगावाट से बढ़कर 2025 तक 1,700 मेगावाट हो जाएगी। इसमें 22 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी जाएगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में डेटा सेंटर की बढ़ती संख्या के साथ ये शहर कोलोकेशन सेवाओं के लिए सेंट्रल हब बन गए हैं, जो देश की क्षमता का 55 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हैं। 1लैटिस के निदेशक (प्रौद्योगिकी एवं इंटरनेट) अभिषेक मैती ने कहा, डेटा खपत में वृद्धि, उभरती टेक्नोलॉजी का उदय और मजबूत सरकारी समर्थन मिलकर भारत को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते डेटा सेंटर मार्केट में से एक बना रहे हैं। रिपोर्ट में डेटा सेंटर सेक्टर को बढ़ावा देने में ह्यडेटा सेंटर प्रोत्साहन योजना और मेक इन इंडिया जैसी सरकारी पहलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया गया।

# आखिरी कारोबारी दिन लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 254 अंक फिसला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार इस कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन लाल निशान पर खुला है। शुरूआती कारोबार में आईटी, ऑटो, फार्मा और पीएसयू बैंक सेक्टर में बिकवाली देखने को मिल रही है। बीएसई का सेंसेक्स 254.43 अंक या 0.31 प्रतिशत फिसलने के बाद 80,752.18 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी 74.55 अंक या 0.3 प्रतिशत गिरने के बाद 24,675.30 पर कारोबार की शुरूआत कर रहा है। बाजार का रुझान नकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 283 शेयर हरे, जबकि 1941 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 588 शेयर हरे और 2166 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 233.80 अंक या 0.46 प्रतिशत गिरने के बाद के 51,055.00 पर है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 829 अंक या 1.42 प्रतिशत गिरने के बाद 57, 636.95 स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 392.20 अंक या 2.06 प्रतिशत गिरने के बाद 18,673.75 पर है। सेंसेक्स पैक में विप्रो, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, टीसीएस टॉप गेनर्स थे। वहीं, इंफोसिस, मारुति सुजुकी, नेस्ले टॉप लूजर्स थे। निफ्टी पैक में विप्रो, एक्सिस बैंक, टीसीएस टॉप गेनर्स थे। वहीं, बजाज ऑटो, टाइटन कंपनी, इंफोसिस, मारुति सुजुकी और श्री राम फाइनेंस टॉप लूजर्स थे।

एशियाई बाजारों की बात करें तो सोल को छोड़कर बैंकॉक, शंघाई, हांगकांग, जकार्ता और टोक्यो के बाजार हरे निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजार बीते कारोबारी दिन हरे निशान पर बंद हुए थे। बाजार के जानकारों के अनुसार,पिछले सप्ताह, बाजार ने अक्टूबर की शुरूआत में 1,500 से अधिक अंकों की तेज गिरावट के बाद रिकवरी के प्रयास के साथ शुरूआत की। हालांकि, बुल गति बनाए रखने में विफल रहे, और बियर ने नियंत्रण हासिल कर लिया, जिससे कीमतें पिछले सप्ताह के निचले स्तर पर वापस आ गईं। वर्तमान में, बाजार दैनिक चार्ट पर एक महत्वपूर्ण मेक या ब्रेक बिंदु पर है।

## राशिफल

**मेष:** भाग्य के भरोसे न रहें और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रयास करें, क्योंकि भाग्य स्वयं बहुत आलसी होता है। दूसरों पर अधिक खर्च कर सकते हैं।

**वृष:** दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उधार दिया हुआ पैसा वापस होगा। व्यापार में लाभ होगा। खास लोगों से मुलाकात होगी।

**मिथुन:** आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। वाहन, मशीनरी या आग का उपयोग करते समय सावधानी बरतें।

**कर्क:** तनाव का स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। आज आप दूसरों की सलाह मानकर निवेश करेंगे तो आर्थिक नुकसान लगभग तय है।

**सिंह:** आज दिन सामान्य रहेगा। कुछ कार्यों में रुचि न होने के कारण आपकी परेशानी बढ़ सकती है। आपके कुछ काम अधूरे रह सकते हैं।

**कन्या:** स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं इसलिए सेहत को लेकर लापरवाही न करें। कार्यक्षेत्र में बदलाव संभव है। व्यवसाय में कोई नई योजना लागू होगी।

**तुला:** अगर ज्यादा तनाव महसूस कर रहे हैं तो बच्चों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएं। उनका प्यार भरा आलिंगन और मुस्कान परेशानियों का अंत कर देगी।

**वृश्चिक:** आज आप खुद को ऊजार्वान महसूस करेंगे। आपका रुका हुआ काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। आप सकारात्मक विचारों से भरे रहेंगे।

**धनु:** आज आपको पार्टनर से सहयोग और धन की प्राप्ति हो सकती है. व्यापार में नई योजनाएँ बन सकती हैं। सफलता के नए रास्ते मिलेंगे।

**मकर:** शाम कई तरह की भावनाओं से घिरी रहेगी और इसलिए तनाव भी दे सकती है। पैसा अचानक आएगा, जो आपके खर्च और बिल आदि का ध्यान रखेगा।

**कुंभ:** सहकर्मी और परिवार के सदस्य आपकी मदद करेंगे। ऑफिस में कोई शुभ समाचार मिलेगा। व्यावसायिक मामलों में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन:** आज आप पैसों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। दांपत्य जीवन में आज नया मोड़ आएगा और आपको अपने जीवन साथी की अहमियत का पता चलेगा।

## चुटकुले

बैठे-बैठे अचनक विचार आया कि...
सब लोग इज्जत की रोटी कमाना चाहते हैं...
लेकिन...
कोई इज्जत की सब्जी क्यों नहीं कमाना चाहता...!!

परेशान पप्पू ने गप्पू से कहा...
पता नहीं दूसरों के घर वाले लव मैरिज के लिए कैसे मान जाते हैं...
यहां तो अपनी पसंद की सब्जी भी मांग लो तो जूते पड़ते हैं...!!!

डॉक्टर - आपके अंदर आयरन की कमी है!
पप्पू - तो क्या करूं, कीलें खाऊं या सरिया...!!!

## रोचक तथ्यों का करंट

- जब आप खुश होते हैं आप गाने की धुन का आनंद उठाते हैं और अगर आप दुखी होते हैं तो आप गीत के शब्दों को समझते हैं।
- नाखून को शुरूआती हिस्से से आखिरी हिस्से तक बढने में पूरे 6 महीने लगते हैं।
- अगर आप कम सोते हैं तो आपके वजन बढने की संभावना बढ जाती है।
- अगर आप गूगल में 'Tilt' शब्द खोजेंगे तो पेज खुद थोडा झुका हुआ रहेगा।
- टूथपेस्ट को कपडों पर लगाकर सूखने तक छोडने के बाद धो देने से दाग निकल जाते हैं।
- सोने जाने के पहले बिस्तर पर 93 प्रतिशत लोग अपने सोने के लिए मिलने वाले घंटे गिनते हैं। हंसने से 50 प्रतिशत तक मानसिक दवाब कम होता है। गर्म पेय पीने से दूसरों पर भरोसा बढ़ता है।
- आपके दोस्त आपकी जरूरत हैं। उनके साथ होने से होने से आपके शरीर की क्षमता 75 प्रतिशत तक बढ जाती है।
- जो लोग दूसरों की मदद करने में खुशी महसूस करते हैं उनकी उम्र लंबी होती है और उन्हें कम मानसिक दबाव होता है।



# पाकिस्तान के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में वापसी पर जेवियर बार्टलेट की नजर

**एडिलेड।** उभरते तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट की नजरें ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी पर हैं। इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड दौरे में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उनका अभियान जल्दी खत्म हो गया था।



25 वर्षीय खिलाड़ी अपने अंतरराष्ट्रीय मैचों की संख्या में इजाफा करने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि वह पूरी तरह से फिट होने के लिए काम कर रहे हैं। सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 के दौरान बार्टलेट की साइड स्ट्रेन की शुरूआत हुई थी, जो कि इंग्लिश धरती पर उनके पहले अंतरराष्ट्रीय मैच के सिर्फ 3.4 ओवर बाद हुई थी।

चोट के कारण वह टी20 सीरीज के बाकी मैच और उसके बाद पांच मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए। बार्टलेट के लिए यह निराशाजनक क्षण था, जिन्होंने फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैचों में लगातार चार विकेट चटकाकर धमाल मचाया था।

चोट और उससे उबरने के बारे में बताते हुए बार्टलेट ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के हवाले से कहा, मुझे उस साइड स्ट्रेन से उबरे हुए लगभग पांच हफ्ते हो चुके हैं। अब मैं पूरी तरह से तैयार हूं, इसलिए यह वास्तव में आकार लेने लगा है। मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया था... जाहिर है कि जब मुझे यह हुआ तो यह वास्तव में निराशाजनक और हताश करने वाला था।

पाकिस्तान के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम में जगह नहीं बना पाने के बावजूद, बार्टलेट को टी20 सीरीज में वापसी की उम्मीद है।

सिडनी, होबार्ट और ब्रिसबेन में होने वाले मैचों के साथ, बार्टलेट की निगाहें 14 नवंबर को गाबा में होने वाले पहले टी20 पर टिकी हैं। यह वह मैदान है जहां उन्होंने ब्रिसबेन हीट के लिए खेलते हुए एक अच्छा रिकॉर्ड बनाया है।

बार्टलेट ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसका आप बचपन में सपना देखते हैं, ऑस्ट्रेलिया के लिए उसके घरेलू मैदान पर खेलने का प्रयास करना। इसलिए यदि ऐसा अवसर आता है, तो यह बहुत अच्छा क्षण होगा।

बार्टलेट ने गाबा में शानदार प्रदर्शन किया है, हीट के लिए सिर्फ 13 मैचों में 20 विकेट लिए हैं, औसतन हर 13 गेंदों पर एक विकेट लिया है। ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना उनके करियर में एक महत्वपूर्ण सफलता साबित होगी, जिससे उन्हें अपनी रिकवरी के लिए प्रेरणा मिलेगी।

राष्ट्रीय टीम में वापसी करने से पहले, बार्टलेट को क्वींसलैंड के लिए आगामी शेफील्ड शील्ड और एक दिवसीय मैचों में खेलने की उम्मीद है, ताकि वह मैच फिटनेस हासिल कर सकें।

## वावरिंका नॉर्डिक ओपन में सबसे उम्रदराज क्वार्टर फाइनलिस्ट बने

**स्टॉकहोम।** स्टेन वावरिंका स्टॉकहोम टूनामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज क्वार्टर फाइनलिस्ट बन गए, उन्होंने नॉर्डिक ओपन में एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के खिलाफ 6-4, 3-6, 7-5 से जीत हासिल की। 39 वर्षीय वावरिंका निर्णायक सेट में दो बार ब्रेक से पिछड़ गए, लेकिन दो घंटे, 12 मिनट में आगे बढ़ने के लिए कुछ साहसिक प्रदर्शन किया।



वावरिंका ने कहा, ₹मैं इस मैच को जीतकर बहुत खुश हूं, आज यह एक कठिन प्रतिद्वंद्वी था, लेकिन स्तर अच्छा था और यहां दो मैच जीतना बहुत अच्छा था। यह एक अद्भुत माहौल है, पूरा घर भरा हुआ है।

# एक खराब रात हमारी टीम को परिभाषित नहीं करती: एलिसा हीली

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया की चोटिल कप्तान एलिसा हीली ने जोर देकर कहा है कि एक खराब रात उनकी टीम को परिभाषित नहीं करेगी, क्योंकि दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से आठ विकेट से हार के बाद लगातार चौथी बार महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं।



एलिसा ने पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि हमने जो माहौल बनाने में कामयाबी हासिल की है, और हमारी टीम के अंदर जो विश्वास है, कि कोई भी मैदान पर जाकर मैच जीत सकता है, मुझे लगता है कि यह इस विश्व कप में दिखा।

मुझे लगता है कि एक खराब रात जरूरी नहीं कि हमारी टीम को परिभाषित करे।

उन्होंने कहा, हां, हम ट्रॉफी जीतना चाहेंगे, लेकिन ऐसा नहीं है। मुझे लगता है कि इस पूरे टूनामेंट में बहुत सारी सकारात्मक चीजें हुई हैं, और जिस तरह से लडकियां बढ़ रही हैं, सीख रही हैं और बेहतर बनना चाहती हैं, वह इतनी कम उम्र में टीम की परिपक्वता को दशार्ता है।"

दक्षिण अफ्रीका के अनुशासित गेंदबाजी प्रदर्शन ने ऑस्ट्रेलिया को 134/5 पर रोक दिया, इससे पहले एनेके बॉश ने 48 गेंदों पर नाबाद 74 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और 17.2 ओवर में प्रोटियाज के लिए एक शानदार लक्ष्य हासिल किया और महिला टी20 विश्व कप में अपने दूसरे सीधे फाइनल में प्रवेश किया।

इसका यह भी मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया 2009 के बाद पहली बार महिला टी20 विश्व कप फाइनल से चूकने जा रहा है।

# श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को दी आखिरी मैच में एकतरफा मात पहली बार टी 20 इंटरनेशनल में किया ये बड़ा कारनामा



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज की टीम इस समय श्रीलंका के दौरे पर है जहां पर वह मेजबान टीम के खिलाफ तीन टी20 और इतने ही मैचों की वनडे सीरीज खेलने पहुंची हैं। वेस्टइंडीज की टीम ने टी20 सीरीज की शुरूआत तो काफी शानदार तरीके से करते हुए पहले मुकाबले को अपने नाम किया था लेकिन दूसरे मैच को श्रीलंकाई टीम ने 73 रनों से जीतने के साथ सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। वहीं दांबुला में खेले गए तीसरे मैच को भी श्रीलंका की टीम ने 9 विकेट से जीतने के साथ इस टी20 सीरीज को 2-1 से अपने नाम कर लिया है। श्रीलंका की टीम पहली बार टी20 इंटरनेशनल के इतिहास में वेस्टइंडीज के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज भी जीतने में कामयाब हुई है।

**मेंडिस और परेरा की जोड़ी ने श्रीलंका को दिलाई एकतरफा जीत** : दांबुला के मैदान पर खेले गए इस टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 162 रनों का स्कोर बनाने में ही सफल हो सकी थी। इसके बाद श्रीलंका की टीम ने टारगेट का पीछा काफी शानदार तरीके से किया जिसमें पथुम निसांका और कुसल मेंडिस के बीच पहले विकेट के लिए 60 रनों की बेहतरीन साझेदारी देखने को मिली।

हालांकि निसांका 22 गेंदों में 39 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गए। वहीं यहां से मेंडिस को कुसल परेरा का साथ मिला और दोनों ही बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को विकेट लेने का कोई मौका नहीं दिया और इस टारगेट को 18 ओवर्स में हासिल करने के साथ अपनी टीम को 9 विकेट से जीत दिला दी।

# 2012 के बाद भारत में टेस्ट शतक जड़ने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बने रचिन रवींद्र

## भारत में 12 साल बाद ऐसा हुआ है जब न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज ने टेस्ट शतक जड़ा है



**बेंगलुरु।** रचिन रवींद्र शुक्रवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान भारतीय धरती पर टेस्ट शतक बनाने वाले 2012 के बाद से न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन गए।

रचिन रवींद्र ने बेंगलुरु टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 123 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। उनकी इस पारी की बदौलत न्यूजीलैंड मजबूत स्थिति में दिख रही है, जबकि पहली पारी में बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद भारतीय बल्लेबाजों को अब बड़ी जंग लड़नी होगी।

हालांकि, न्यूजीलैंड ने सुबह के सत्र में चार विकेट खो दिए, लेकिन बेंगलुरु से ताल्लुक रखने वाले रविंद्र ने 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से शानदार शतक जड़कर टीम की लय को बनाए रखा।

21 वर्षीय रविंद्र का टेस्ट क्रिकेट में दूसरा शतक था, उन्होंने इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला शतक लगाया था।

भारत में 12 साल बाद ऐसा हुआ है जब न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज ने टेस्ट शतक जड़ा है। आखिरी बार रॉस टेलर ने 2012 में 113 रन की पारी खेली थी। साथ ही इस पारी के साथ, रवींद्र भारत में टेस्ट शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के 21वें खिलाड़ी बन गए।

रवींद्र, जिन्होंने 2021 में कानपुर में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था, ने टिम साउदी के साथ आठवें विकेट के लिए 137 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। साउदी ने 73 गेंदों पर 65 रन में 5 चौके और 4 सिक्स लगाए। दूसरे छोर पर रचिन ने जमकर बल्लेबाजी करते हुए 157 गेंदों पर 134 रन में 13 चौके और 4 छक्के लगाए।

रचिन आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। रचिन को कुलदीप यादव ने आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया। कुलदीप ने 99 रन पर तीन विकेट और रवींद्र जडेजा ने 72 रन पर तीन विकेट हासिल किए। मोहम्मद सिराज को 84 रन पर 2 विकेट मिले।

# डेविस कप में टेनिस से 'भावुक' विदाई के लिए नडाल तैयार

## नडाल, जिन्होंने जोकोविच के साथ अपने 60 मुकाबलों में से 29 जीते हैं

**रियाद।** टेनिस के उस्ताद राफेल नडाल ने कहा है कि वह अगले महीने होने वाले डेविस कप फाइनल में खेलने के लिए भावनात्मक रूप से तैयार हैं, जो पिछले सप्ताह टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा के बाद उनका विदाई टूनार्मेंट होगा।

22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन वर्तमान में सऊदी अरब में सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी कार्यक्रम में खेल रहे हैं और शनिवार को अंतिम बार अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी नोवाक जोकोविच से भिड़ेंगे।

नडाल सेमीफाइनल में हमवतन कार्लोस अल्काराज से 6-3, 6-3 से हार गए और तीसरे स्थान के मैच में सर्बियाई खिलाड़ी से भिड़ेंगे। जोकोविच विश्व के नंबर 1 जैनिक सिनर से 6-2, 6-7 (0-7) 6-4 से हार गए, जबकि इतालवी खिलाड़ी फाइनल में अल्काराज से भिड़ेंगे।

बीबीसी ने नडाल के हवाले से कहा, भावनात्मक रूप से, मुझे यकीन है कि मैं तैयार हो जाऊंगा। शारीरिक रूप से और टेनिस के स्तर के लिहाज से, तैयारी के लिए एक महीना बचा है। मैं टीम को जीतने में मदद करने के लिए अच्छी स्थिति में रहने की कोशिश करूंगा। अगर मैं सिंगल्स के लिए तैयार महसूस नहीं करता, तो मैं सबसे पहले कहता।

उन्होंने कहा, 100 प्रतिशत आश्वस्त रहें, अगर मैं अपना मैच जीतने के लिए तैयार महसूस नहीं करता, तो मैं कोर्ट पर नहीं उतरूंगा।

जोकोविच का सामना करने पर, जिन्होंने 24 ग्रैंड स्लैम के साथ नडाल से अधिक ग्रैंड स्लैम जीते हैं, स्पेनिश खिलाड़ी को लगता है कि यह एक पुरानी यादों को ताजा करने वाला पल होगा।

नडाल, जिन्होंने जोकोविच के साथ अपने 60 मुकाबलों में से 29 जीते हैं,ने कहा,नोवाक को (मेरे सामने) पाकर, यह एक पुरानी यादों को ताजा करने जैसा है।



उन्होंने कहा, हमने एक-दूसरे के साथ बहुत खेला है।

## दाएं घुटने पर चोट लगने के बाद पंत तीसरे दिन विकेटकीपिंग नहीं करेंगे

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चल रहे पहले टेस्ट के तीसरे दिन विकेटकीपिंग नहीं करेंगे।

दूसरे दिन के खेल के आखिरी सत्र में, न्यूजीलैंड की पहली पारी के 37वें ओवर में डेवोन कॉनवे को स्टंप करने की कोशिश करते समय रवींद्र जडेजा की तेज टर्निंग डिलीवरी से दाएं घुटने पर चोट लगने के बाद पंत लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए। उनकी अनुपस्थिति में, स्थानापन्न कीपर ध्रुव जुरेल भारत के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

दिसंबर 2022 में जानलेवा कार दुर्घटना में घायल होने के बाद पंत के दाहिने घुटने का ऑपरेशन किया गया था, उसके बाद वह आईपीएल 2024 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। बीसीसीआई की ओर से शुक्रवार को जारी अपडेट में कहा गया, ₹ऋषभ पंत भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट के तीसरे दिन विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम



उनकी प्रगति पर नजर रख रही है। भारत बेंगलुरू में अपनी पहली पारी में 46 रन पर आउट हो गया, जो घरेलू मैदान पर उसका सबसे कम टेस्ट स्कोर और लंबे प्रारूप में उसका तीसरा सबसे कम स्कोर था ।

## रोहित का एक गलत कदम, दांव पर 36 साल का इतिहास, गंभीर पर भी उठेंगे सवाल

**नई दिल्ली।** क्रिकेट में मैदान पर अनहोनी होना कोई नई बात नहीं। ऐसा ही कुछ बेंगलुरु टेस्ट में टीम इंडिया के साथ हुआ, जहां एक गलत फैसला टीम पर भारी पड़ गया और उनकी 'जग हंसाई' हो रही है। फैसले कभी सही होते हैं तो कभी गलत। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भी रोहित शर्मा का फैसला टीम के लिए गलत साबित हुआ।

बेंगलुरु की पिच को कप्तान साहब ने गलत जज किया और टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना टीम पर भारी पड़ गया। पतझड़ की तरह टीम के



बल्लेबाज पवेलियन लौटते चले गए, आलम ऐसा था कि पांच भारतीय बल्लेबाज तो अपना खाता भी नहीं खोल पाए। मात्र 46 रन पर पूरी भारतीय पारी सिमट गई और अब न्यूजीलैंड ने उसी पिच पर अपनी पहली पारी में 402 रन का विशाल स्कोर बनाया। भारतीय कप्तान के एक फैसले के कारण 36 साल पुराना इतिहास पलटता दिख रहा है और, अगर ऐसा हुआ तो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए यह काफी बड़ा झटका होगा। रोहित ने भी फैसले को गलत मानते हुए स्वीकार किया है कि उनसे पिच को पढ़ने में भूल हुई।

क्या है इसका 36 साल के इतिहास से कनेक्शन ?, दरअसल इसमें कोई दो राय नहीं कि टॉस जीतकर रोहित शर्मा का पहले बल्लेबाजी करने का फैसला टीम इंडिया के लिए आत्मघाती रहा। उनके इस फैसले ने अब 36 साल के इतिहास को पलटने की उम्मीद जगा दी है। यहां 36 साल के इतिहास से मतलब न्यूजीलैंड के भारत में टेस्ट मैच जीतने से है। न्यूजीलैंड ने भारतीय जमीन पर आखिरी बार टेस्ट मैच 36 साल पहले यानी 1988 में जीता था। अब, कीवी टीम के पास मौका है भारत के खिलाफ उसके घरेलू मैदान पर एक यादगार जीत दर्ज करने का और वो इस समय बेंगलुरु टेस्ट में मजबूत स्थिति में है। एक तो अपने ही देश की जमीन पर टेस्ट मैच में 46 रन पर लुढ़कने का रिकॉर्ड बना। अब ऊपर से 36 साल बाद भारत में न्यूजीलैंड ने टेस्ट मैच भी जीत लिया तो गंभीर की कोचिंग में वो सब होता दिखेगा, जो पहले नहीं दिख रहा थ। ऐसे में उन पर भी सवाल उठना लाजमी है।

# डेनियल कोलिंस ने टाला रिटायरमेंट कहा- 'मैं 2025 में टूर पर वापस आऊंगी'



**नई दिल्ली।** विश्व नंबर-9 टेनिस खिलाड़ी डेनियल कोलिंस ने अपनी रिटायरमेंट की योजना को स्थगित कर दिया है, और अमेरिकी खिलाड़ी ने घोषणा की है कि वह अगले साल फिर से टूर पर लौटेंगी।

इस वर्ष की शुरूआत में, कोलिंस ने कहा था कि 2024 उनके टूर का अंतिम सीजन होगा लेकिन अब उन्होंने 2025 में टूर पर लौटने का फैसला किया है।

कोलिंस ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, तो, डैनिमल स्टोरी अपने निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। मैं 2025 में फिर से टूर पर आऊंगी।

पोस्ट में लिखा गया है, हालांकि जीवन में कोई गारंटी नहीं है, लेकिन मैं 2024 के अपने सफर को बनाए रखने और तब तक खेलना जारी रखने की उम्मीद करती हूं जब तक कि मैं ऐसा कर सकूं। अभी के लिए एकमात्र गारंटी कुछ और रोमांचक मैच होंगे।

इसमें आगे कहा गया है, मैं अपने सभी प्रशंसकों को धन्यवाद देती हूं, जो इस दौरान मुझे प्रोत्साहित करते रहे हैं।

साथ ही, मैं अपने टूर के सबसे करीबी दोस्तों को भी धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया।

30 वर्षीय कोलिंस के लिए मौजूदा सत्र काफी अच्छा रहा है क्योंकि 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट ने मार्च और अप्रैल में मियामी और चार्ल्सटन में लगातार दो टूनार्मेंट जीते हैं।

उन्होंने एक पोस्ट में कहा, मैं अपने एंडोमेट्रियोसिस और अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों से जुड़ी कुछ समस्याओं से जूझ रही हूं। जबकि मैं इस साल अपने टेनिस करियर को एक अच्छे नोट पर समाप्त करने और अपने जीवन के अगले अध्याय को शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित थी, लेकिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं।

हालांकि, अमेरिकी खिलाड़ी को पेरिस में हीट स्ट्रोक हुआ और इगा स्वियाटेक के खिलाफ ओलंपिक क्वार्टर फाइनल के दौरान उनके पेट में चोट लग गई।

## हरियाणा ओपन में राहिल गंगजी ने पहले दौर में बढ़त के लिए 63 का सुपर कार्ड खेला

**पंचकूला।** इस साल की शुरूआत में दो अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतने वाले



बेंगलुरु के राहिल गंगजी ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पंचकूला गोल्फ क्लब (पीजीसी) में खेले जा रहे एक करोड़ रुपये के हरियाणा ओपन में नौ अंडर 63 का शानदार स्कोर बनाया और पहले दौर में बढ़त हासिल की। अहमदाबाद के वरुण पारीख ने आठ अंडर 64 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया और दूसरे स्थान पर रहे। चंडीगढ़ के गत विजेता जयराज सिंह संधू सात अंडर 65 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, उनके साथ किशोर अंशुल कब्थियाल, एन थंगराजा, ध्रुव श्योरण और क्षितिज नवीद कौल भी संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। चंडीगढ़ के हरेंद्र गुप्ता शीर्ष-10 में शामिल अन्य ट्राइसिटी गोल्फर रहे, जिन्होंने 67 का स्कोर बनाया और नौवें स्थान पर रहे। अनुभवी राहिल गंगजी, जो इस सीजन में पीजीटीआई रैंकिंग में पांच शीर्ष-10 के साथ चौथे स्थान पर हैं, ने पहले दिन एक ईगल और आठ बर्डी के साथ अपना दबदबा कायम किया, लेकिन एक बोगी की कीमत चुकाई।

गंगजी ने कहा, मैं अब तक के साल से बहुत खुश हूं। मैंने अपने खेल के मानसिक पहलू पर बहुत काम किया है। मैं कुछ चोटों से उबरने के बाद शारीरिक रूप से भी अच्छा महसूस कर रहा हूं, जिससे मेरा खेल कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ था। अब मैं पीजीटीआई में जीतने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि ऐसा करते हुए मुझे बहुत समय हो गया है।

# पत्थर से हमला कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

## किसी से बात करने पर करता था शक, 13 अगस्त को किया हमला, उपचार के दौरान हुई मौत






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में किसी अन्य से बात करने के शक में पत्नी की पति ने नुकीले पत्थर से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना 13 अगस्त की है। गाजियाबाद में एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया 13 अगस्त 2024 को चांद नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी चांदनी पर नुकीले पत्थर से हमला कर दिया था। जिसका इलाज चल रहा था। 16 अक्टूबर 2024 को चांदनी की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसके बाद मारपीट की घटना को हत्या में तब्दील किया गया।

पुलिस ने शुक्रवार को चांद पुत्र रहसूद्दीन निवासी कुशलिया थाना मसूरी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक चांद ने पूछताछ में बताया है कि उसकी शादी 2006 में चांदनी के साथ हुई थी। चांद को शक था कि उसकी पत्नी चांदनी किसी अन्य व्यक्ति से बात करती है। जिसे लेकर परिवार में मनमुटाव था और झगड़े होते थे। 13 अगस्त 2024 को भी चांद का सुबह 5:00 बजे अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ। जिस दौरान चांद ने चारपाई के पास जमीन पर रख नुकीले पत्थर से अपनी पत्नी चांदनी के सिर पर वार कर दिया। इससे वह घायल हो गई थी। चांद तभी से फरार चल रहा था। शादी से उनके पांच बच्चे हैं।

# पुलिस ने 55 लाख की अफीम संग दो पकड़े

## झारखंड से ला रहे थे, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में होनी थी सप्लाई




**तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 55 लाख रुपए की 2 किलो 100 ग्राम अफीम हुई बरामद**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच और थाना मुरादनगर पुलिस ने झारखंड से लाई जा रही अफीम समेत दो तस्करों को पकड़ लिया। इनके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक इसकी कीमत 55 लाख रुपए है। गाजियाबाद पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया की गाजियाबाद क्राइम ब्रांच और मुरादनगर पुलिस को अफीम लाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद उन्होंने चेकिंग शुरू कर दी थी। थाना मुरादनगर क्षेत्र के प्रीत विहार बंबा रोड पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 55 लाख रुपए की 2 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद हुई है।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम संजय भुईया और रामचंद्र भुईया बताया है। दोनों जिला चतरा झारखंड के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ में संजय ने बताया कि वह अपने गांव के होटल के पास खाना बनाने का काम करता था। जिसमें उसका परिवार नहीं चल पा रहा था, इसीलिए वह अफीम तस्करी में आ गया। वहीं रामचंद्र ने बताया कि वह सरिया शटरिंग की दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। उसे भी पैसे की जरूरत थी, जिसके चलते वह अफीम की तस्करी में आ गया। संजय और रामचंद्र गाजियाबाद से पहले भी जेल भेजे जा चुके हैं। उनके बताए गए जगह पर पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# इन्दिरापुरम में 2 निर्माणाधीन साइट्स पर 20 लाख का जुर्माना

## ग्रैप का पालन न करने पर प्रदूषण विभाग ने की कार्रवाई, पर्यावरण को कर रहे थे प्रदूषित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गुरुवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पालन न करने पर दो निमार्णाधीन आवासीय परियोजना पर 20 लाख का जुमार्ना लगाया है। अफसरों का कहना है कि नियमों उल्लंघन करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि ग्रैप नियमों के तहत पर्यावरण को प्रदूषित करने पर मैसर्स प्रेस्टीज सिटी इंदिरापुरम (टीपीसीआई) कार्यदायी संस्था मैसर्स एलएनटी लि. ग्राम अकबरपुर बहरामपुर मिजार्पुर, शाहबाद उर्फ मिटठेपुर, निकट सिद्धार्थ विहार, एनएच-24 और मैसर्स गौरसंस इंडिया प्रा. लिमिटेड, रनि. गौर बिज पार्क, प्लॉट नंबर-एक, अभयखंड-दो, इंदिरापुरम पर 10-10 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि निर्माण के दौरान उत्पन्न होने वाले प्रदूषण जैसे धूल को नियंत्रित करने के लिए निर्माण साइट पर पर्याप्त उपाय नहीं किए जा रहे थे। जिसकी वजह से जुमार्ना लगाया गया है। टीम क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए हुए है। ग्रैप का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पति-पत्नी घरेलू सहायक बन करते थे चोरी: लाखों रुपए के जेवरात बरामद, पुलिस ने दम्पत्ति को भेजा जेल




● 3 महीने से मौली लगातार थोड़ा-थोड़ा जेवर चोरी करके अपने पति को दे रही थी।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने ऐसे दंपती को पकड़ा है जो घरों में घरेलू सहायिका बनकर घुसते थे। इसके बाद मौका देखकर घर से नकदी और जेवरात चोरी कर लेते थे। पुलिस में इन दोनों के कब्जे से लाखों की कीमत के जेवरात और नकदी बरामद की है। गाजियाबाद में एसीपी नंदग्राम अजय कुमार सिंह ने बताया की 15 तारीख को एक प्राइवेट कंपनी में लीगल एडवाइजर जितेंद्र कुमार त्यागी ने पुलिस को तहरीर दी थी। इसके मुताबिक 12 अक्टूबर को जब उनकी पत्नी ने अलमारी खोली तो उसमें से सभी गहने और नकदी गायब थी। इस बीच उनके घर काम करने वाली घरेलू सहियका मौली ने आना बंद कर दिया। जितेंद्र त्यागी ने उसे काम करने के लिए कई बार फोन कर बुलाया। मगर वह नहीं आई। जब वह घर काम करने नहीं आई तो उन्हें शक हुआ और पुलिस को सूचना कर दी।

### चोरी कर पति को दे देती थी नकदी और सामान

गुरुवार को पुलिस ने मौली और उसके पति अजय के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में पता चला है की मौली इस घर में एक वर्ष से मेड का कार्य करती थी। मालिकों का इतना भरोसा मौली पर हो गया था कि वह घर की एक चाबी उसको देकर रखते थे। घर के मालिक और मालकिन दोनों काम पर चले जाते थे। 3 महीने से मौली लगातार थोड़ा-थोड़ा जेवर चोरी करके अपने पति को दे रही थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके इसके पास से 9.50 लाख रुपए के जेवरात और 60 हजार से अधिक की नकदी बरामद की है।

# चोरों ने डिलीवरी बॉय को बनाया निशाना दस मिनट के अंदर सामान लेकर गायब



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में चोरी की वारदातें बढ़ती ही जा रही है। इस बार चोरों ने डिलीवरी बॉय को ही नहीं छोड़ा। नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक ई-कॉमर्स कंपनी के डिलीवरी बॉय के सामान की चोरी हो गई। यह घटना कई सवाल खड़े करती है नोएडा में ऐसी छोटी चोरियों की घटनाएं आखिर क्यों बढ़ रही हैं? इसे रोकने के लिए पुलिस क्या कदम उठा रही है?

पीड़ित सत्येंद्र सिंह जो एक प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत हैं साथ ही वह सलारपुर में रहता है। उन्होंने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 13 तारीख को वह रोजमर्रा की तरह सेक्टर 75 में डिलीवरी करने गए थे। अपनी नियमित प्रक्रिया के अनुसार, उन्होंने कुछ पैकेट बाहर रखे और एक पैकेट लेकर टावर के अंदर चले गए।

### 10 मिनट के अंदर वारदात को दिया अंजाम

सत्येंद्र सिंह के अनुसार, वह मात्र 10 मिनट के अंदर ही बाहर लौट आए थे, लेकिन इस छोटे से समय में चोरों ने उनके 6 पैकेट चुरा लिए। चुराए गए पैकेटों की कुल कीमत लगभग 5,500 रुपये थी। सिंह ने बताया कि उन्होंने आस-पास बहुत खोजा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# शिक्षिका के पर्स से चोरों ने सोने की चेन और 5 हजार रुपए की नगदी उड़ाई




**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में एक ई-रिक्शा में सवार शिक्षिका के पर्स से सोने की चेन और 5 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। न्यू शिवपुरी मोहल्ले की रहने वाली शशि कौशिक ने बताया कि वह पिलखुवा के एक गर्ल्स डिग्री कॉलेज से अपनी ड्यूटी खत्म करके घर लौट रही थी। तभी एक महिला उनके सामने आकर बैठ गई और अपने बच्चे को अचानक उनकी तरफ गिरा दिया।

### शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया

इस दौरान उस महिला ने चालाकी से शशि के पर्स से 5 हजार रुपये, एक सोने और चांदी के मोतियों वाली चेन और अन्य दस्तावेज चोरी कर लिए। जब वह एसएसवी कॉलेज के पास पहुंचीं, तो उन्होंने देखा कि पर्स की चेन खुली हुई थी और उसमें से नगदी और चेन गायब थी। इसके बाद उन्होंने थाने जाकर पुलिस को इसकी जानकारी दी।

कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी महिला को गिरफ्तार करके इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

# प्रॉपर्टी डीलर ने महिला की जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाए




**लोनी करंट क्राइम।** दिल्ली की एक महिला ने प्रॉपर्टी डीलर पर फर्जी दस्तावेज बनाकर उसकी छह बीघा जमीन बेचने तथा विरोध करने पर छेडछाड तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। खजूरी दिल्ली की पुष्पा देवी ने बताया कि उसकी छह बीघा जमीन लोनी में अमन गार्डन के पास पडी हुई है। आरोप है कि अमन प्रॉपर्टी डीलर ने उसकी जमीन के फर्जी दस्तावेज बना लिए हैं तथा उस पर प्लाट काटकर बेच रहा है। विरोध करने पर उसके साथ छेडछाड गालीगलोच तथा जान से मारने की धमकी देता है। पीडिता ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# भूखंड के नाम पर लाखों रुपए हड़पे




**लोनी करंट क्राइम।** गोपालपुर दिल्ली की रहने वाली राजकुमारी ने लोनी के समीर प्रॉपर्टी डीलर से सन 2015 में 100 वर्ग गज का भूखंड लोनी की अशोक विहार कॉलोनी में 7.50 लाख रुपए में लिया था। आरोप है कि जबकि एक लाख रुपए रजिस्ट्री के ले लिए थे, लेकिन रजिस्टरी नही की। वह और उसका बेटा रजिस्टरी की मांग करता है तो वह मारपीट पर उतारु हो जाता है। पीडिता ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# अवैध पटाखों के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**लोनी करंट क्राइम।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में अवैध आतिशबाजी पटाखे सहित दो पटाखे बेचने वाले अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि पुलिस टीम में फरुखनगर चौकी इंचार्ज रमेश चंद्र अपनी टीम के साथ अटौर कट टीला मोड पर चेकिंगअभियान चला रहे थे इसी दौरान दो व्यक्तियों को प्लास्टिक के चार कट्टों में भारी अवैध आतिशबाजी पटाखे तथा 200 सुतली के बम के साथ गिरफ्तार किया है। आतिशबाजी पटाखे बेचने वाले दोनों अभियुक्तों ने अपने नाम अमित पुत्र सुन्दर निवासी बागराणप लोनी तथा दूसरे ने आशीष पुत्र छोटे लाल जाटव बताया पुलिस ने वैधानिक कर्रवाई कर दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# सप्तदिवसीय लोकरंग कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन





**मोदीनगर करंट क्राइम।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में कौशल विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला विभाग व गृहविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सप्तदिवसीय लोकरंग कला प्रदर्शनी के चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में इनरव्हील क्लब की आईपीपी श्रीमती रेणु मित्तल व रेणु गुप्ता अतिथि के रूप में आमंत्रित रहीं। मुख्य अतिथियों ने सयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा प्राचार्या प्रो0 पूनम शर्मा, डॉ0 ऋषिका पांडे, डॉ0 नूतन सिंह व एशवर्या बहुगुणा ने छात्राओं द्वारा बनायी गयी कलाकृति मुख्यअतिथियों को भेंट की। द्वितीय सत्र में छाया इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ0 अरुण त्यागी प्रिंसिपल कुसुम शर्मा व बबिता शर्मा, श्रीमती शोभा चैधरी, अतिथि रहे। छात्राओं के रचनात्मक कौशल ने अतिथियों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। लोककला के विभिन्न अभिप्रायों जैसे वरली, गोड़ कला, मांडना, कलमकारी, पटचित्र, बंधेज, ब्लॉकप्रिंट व विभिन्न प्रकार की कढ़ाई ने अतिथियों को प्रभावित किया। अतिथियों ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक द्वारा व्यापारी मिलन कार्यक्रम का आयोजन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के तत्वावधान मे अरूण राघव एण्ड कम्पनी टैक्स एडवोकेटस के सौजन्य से व्यापारी मिलन कार्यक्रम स्थानीय रेस्त्रा में आयोजित किया गया। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शाखा प्रबंधक मोहित कुमार ने व्यापारियो को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। एडवोकेट अरूण राघव ने बताया कि व्यापारी मिलन कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक ने बैंक के चालू खाते, बचत खाते, सावधि जमा व ऋण सम्बंधी योजनाओ को विस्तार से समझाया एंव उपस्थित व्यापारियो की शंकाओ का निवारण किया। कार्यक्रम के अन्त मे शाखा प्रबंधक मोहित कुमार व एडवोकेट अरूण राघव ने उपस्थित सभी व्यापारियो का आभार प्रकट किया । इस अवसर पर शुभम चैधरी, अर्जुन सिंह, दीपांशु पालिवाल, सचिन ठाकुर, कोमल कुमार, अंकित गौड, मनोज मोटला व व्यापारियो मे मुख्य रूप से सुबोध गर्ग, मंगल सैन गुप्ता, सर्वेश मित्तल, नीरज बत्रा, रणवीर मलिक, यशवीर यादव, सोहन पाल सिंह, नीरज त्यागी, मोहित कुमार, मोहित शर्मा, राजकुमार अरोडा, मयंक कुमार, मधुसुदन शर्मा, आदित्य कंसल, प्रशान्त कुमार, आयुष राघव, उपेन्द्र सोम, सुविराम तेवतिया, गुरुदत्त शर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## पत्रकार को मातृ शोक, शोक की लहर



मोदीनगर। वरिष्ठ पत्रकार व प्रेस क्लब मोदीनगर के संरक्षक चन्द्रशेखर त्यागी की माता सरोज देवी (69 वर्ष) का गुरूवार की रात्री करीब 11 बजे हृदय गति रूक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। शुक्रवार की सुबह निवाडी स्थित स्वर्गधाम स्थल पर उनका दाह संस्कार किया गया, जिसमें सैकडों लोगों ने नम आखों से उन्हें अपनी अंतिम विदाई दी। शुक्रवार की सुबह निवाडी स्थित अंतिम मोक्ष स्थल पर उनका विधिविद्वान तरीके से उनके वरिष्ठ पुत्र श्याम सुंदर त्यागी ने उन्हें मुखाग्नि दी। जिसमें सैकडों लोगों ने नम आखों से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## युवक के पिता और परिजनों को बदनाम कर रहा युवक

लोनी। अपरकोट मौहल्ले के एक युवक ने संगम विहार कॉलोनी के एक युवक पर प्रेस कांफ्रेस कर पिता और परिजनों को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। अपर कोट मौहल्ला निवासी डा0 सददाम ने बताया कि संगम विहार कॉलोनी में रहने वाला शान मौहम्मद उनके परिवार से रंजिश रखता है तथा उल्टी सीधी बाते कर परिजनों को बदनाम करता रहता है। आरोप है कि 12 सितम्बर 2024 को शान मौहम्मद ने प्रेस कांफ्रेस कर उसके पिता डा0 अरशद अली के खिलाफ सोशल मीडिया और वेब न्यूज चेनलों पर मनगढंत आरोप लगाकर बदनाम किया है। पीडित ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## पड़ोसी ने किशोरी के साथ मारपीट की

लोनी। एक युवक ने पडोसी की 13 वर्षीय बेटी के साथ मारपीट की। पीडिता के परिजनों ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि बुधवार को लोनी बार्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाले युवक ने सूचना दी कि उसके पडोस में रहने वाले एक युवक ने उसकी 13 वर्षीय बेटी के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। जिस पर उसके पिता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## योगी सरकार ने बढ़ाया नोएडा एयरपोर्ट का क्षेत्रफल

# अब इतने हेक्टेयर जमीन पर बनेगा एशिया का सबसे बड़ा हवाईअड्डा



**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की जमीन को लेकर बड़ा बदलाव किया है। पहले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 5000 हेक्टेयर भूमि पर विकसित होना था, लेकिन अब जमीन का क्षेत्रफल बढ़ा दिया गया है। अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भूमि क्षेत्रफल 6286.73 हेक्टेयर होगा। उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट बैठक में इस बात को मंजूरी दी गई है। लखनऊ में एक हाईलेवल बैठक हुई है, जिसमें यमुना प्राधिकरण के मास्टर प्लान 2041 और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट समेत काफी मुद्दों पर चर्चा की गई है। इस बैठक के दौरान काफी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है, जिसमें से जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का जमीन क्षेत्रफल बढ़ाना भी एक बड़ा फैसला है।

### एयरपोर्ट के आसपास इंडस्ट्री विकसित होगी

इसी के साथ फैसला लिया गया है कि अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कृषि जमीन नहीं होगी। अब एयरपोर्ट के आसपास इंडस्ट्री विकसित की जाएगी। इसकी मंजूरी भी योगी सरकार ने दे दी है। यमुना सिटी के सेक्टर-8ए, सेक्टर-8बी, सेक्टर-8सी, सेक्टर-8डी और सेक्टर-8ई में इंडस्ट्री लगाई जाएगी। इसके अलावा सेक्टर-7, सेक्टर8, सेक्टर-31डी, सेक्टर-23जी, सेक्टर-23आई और 23ई में हर प्रकार की व्यावसायिक सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

### जेवर एयरपोर्ट के लिए सुपरफास्ट कनेक्टिविटी

जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कनेक्टिविटी के मामले में सब को मात देगा। एयरपोर्ट के लिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी विकसित की जा रही है। देश-विदेश के एयरपोर्ट से बेहतर यहां की कनेक्टिविटी होगी। एयरपोर्ट तक पहुंचने में लोगों को मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। जेवर एयरपोर्ट को मेट्रो, एक्सप्रेसवे, नेशनल हाईवे, बुलेट ट्रेन और नई मार्गों से जोड़ा जाएगा। यानी दिल्ली एयरपोर्ट से आप सीधे मेट्रो से जेवर एयरपोर्ट पहुंच पाएंगे। बुलेट ट्रेन भी जेवर एयरपोर्ट तक के आवागमन को आसान करेगी। दिल्ली-वाराणसी कॉरिडोर जेवर एयरपोर्ट के बराबर से निकलेगा। बुलेट ट्रेन का स्टेशन टर्मिनल बिल्डिंग में बनाया जाएगा। यह एयरपोर्ट 4 हाईवे से जुड़ा होगा। यमुना एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे, दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे और एनएच-91 से जुड़ा होगा। इस एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए आप सड़क मार्ग, मेट्रो और बुलेट ट्रेन को अपना सकते हैं। एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए ये विकल्प इसको सबसे अलग करेगा। इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है।

# हापुड़ में एक पहल के अंतर्गत लोगों को किया जागरूक : संदिग्ध व्यक्ति और वस्तु दिखने पर तुरंत यूपी-112 पर करें कॉल

**हापुड़ करंट क्राइम।** जिले की यूपी-112 पुलिस ने जनता को जागरुक करने के लिए एक पहल के अंतर्गत लोगों को अपनी विभिन्न सेवाओं के बारे में जागरूक किया। इस दौरान शहर के विभिन्न सावर्जनिक स्थानों पर लोकगीतों और लघु नाटकों के माध्यम से बताया कैसे आप लोगों की एक छोटी सी पहल से समाज में एक बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

### मदद करने के लिए आगे आए

जागरूकत करते हुए कहा कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्ति और वस्तु दिखने पर कोई भी नागरिक 112 पर कॉल कर किसी भी घटना को रोकने में सहायता कर सजग नागरिक होने का दायित्व निभा सकता है। कॉल करने वाले नागरिक का नाम, पता, फोन नंबर सहित सभी जानकारी गुप्त रखी जाती है। यूपी-112 के अधिकारियों ने नागरिको से अपील की है कि अपने साथ-साथ दूसरों की मदद करने के लिए बेझिझक आगे आए और 112 पर कॉल मिलाएं।

टीम ने कहा कि यूपी-112 पर पुलिस सहायता ही नहीं बल्कि आग लगने, दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा, ट्रेन में भी आपात स्थिति में सहायता पंहुचाती है। क्यों कि यूपी-112 का फायर, एम्बुलेंस, रउफ्रक्ट्र जीआरपी सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियो के साथ एकीकरण के बाद लोगों के लिए मदद का दायरा और बढ़ गया हैं। सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, समाज के ऐसे जागरूक लोगों को यूपी-112 द्वारा सम्मानित भी किया जाता हैं।

एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों, बच्चों को दूसरों की समस्याओं के प्रति मददगार बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा हम सब आसपास की गतिविधियों पर नजर रख, सजग और सतर्क नागरिक होने का परिचय देते हैं, बल्कि किसी घटना या संदिग्ध की समय से सूचना देकर किसी बड़े अपराध होने से रोककर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में बहुमूल्य योगदान कर सकते हैं।

# लॉकर में रखे 5 लाख के नोट खा गई दीमक नोएडा में कस्टमर ने बैंक से कहा-मुझे मेरे पैसे वापस दिलाइए



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में बैंक के लॉकर में रखे 5 लाख रुपए के नोट दीमक खा गईं। करीब 3 महीने बाद जब कस्टमर ने लॉकर खोला तो उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत बैंक प्रबंधन ने शिकायत की। कहा कि उसे 5 लाख रुपए दिलाए जाए। हालांकि, बैंक प्रबंधन ने हाथ खड़े कर दिए। उल्टा कस्टमर से कहा कि लॉकर में रुपए नहीं रखने चाहिए। रुपए के लिए अकाउंट है। फिलहाल, पीड़ित कस्टमर ने बैंक के सीनियर अफसरों से शिकायत की है। पूरा मामला नोएडा के सेक्टर-51 स्थित सिटीजन कोआपरेटिव बैंक का है। यहां कस्टमर ने अपने लॉकर में 5 लाख रुपए और ज्वैलरी रखी। 3 महीने बाद जब वह लॉकर चेक करने पहुंचा तो देखा कि तो नोट के बंडल को दीमक खा गई।

### 2 से 12 हजार रुपए में दिया जाता है लॉकर

### 2 लाख के नोट का तो पता ही नहीं चला

पीड़ित कस्टमर के मुताबिक, 2 लाख रुपए के नोट को दीमक पूरी तरह से खा गई। जबकि 3 लाख रुपए के नोट ऐसे कर दिए कि वह बाजार में नहीं चल सकते हैं। कस्टमर ने बैंक से कहा कि उसे 2 लाख रुपए दिए जाएं। साथ ही, 3 लाख रुपए के जो नोट दीमक ने कुतर दिए हैं, उसे एक्सचेंज किया जाए। इधर, लॉकर में दीमक लगने का पता चलते ही बैंक मैनेजर ने सभी लॉकर होल्डरों से संपर्क किया। कहा-अपना-अपना लॉकर आकर चेक कीजिएगा। इसके बाद बैंक में लॉकर चेक करने वालों की भीड़ लग गई।

कस्टमर ने बैंक पर सवाल खड़े किए हैं। कहा- बैंक 2 से 12 हजार रुपए तक लॉकर की फीस लेता है। ऐसे में लॉकर में रखें सामान की सुरक्षा की जिम्मेदारी बैंक प्रबंधन की है। साल में कम से कम दो बार टरनाइट यानी दीमक का ट्रीटमेंट कराया जाना चाहिए।

कस्टमर ने कहा कि बैंक ने लापरवाही की। दीमक का ट्रीटमेंट नहीं कराया गया। वहीं, बैंक मैनेजर आलोक कुमार ने स्वीकार किया कि बैंक की दीवार में सीलन है। इस वजह से दीमक लगी है, लेकिन अन्य लॉकर इसकी चपेट में नहीं आए।

लॉकर में नोट नहीं रखे जा सकते

बैंक की सीनियर मैनेजर इंदु जैसवाल ने कहा-लॉकर कस्टमर की सुविधाओं के लिए होता है। इसमें जरूरी दस्तावेज, संपत्ति के कागजात, कीमती आभूषण समेत अन्य आइटम को रखा जा सकता है, लेकिन लॉकर में पैसा नहीं रखा जा सकता है। लॉकर में नोट रखना आरबीआई की गाइडलाइन का उल्लंघन है। अगर कोई व्यक्ति लॉकर में रुपए रखता है, तो उसे यह साबित करना होगा कि यह उसकी वैध रकम है।

# भारत की विकास दर विश्व की अर्थव्यवस्था के सबसे शानदार पहलुओं में से एक, अजय बंगा का बड़ा बयान



**वॉशिंगटन ।** वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने भारत के विकास दर पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गुरुवार को कहा कि भारत की विकास दर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक चमकदार हिस्सा है। बंगा ने आगे कहा कि छह-सात प्रतिशत या उससे अधिक की दर से विकास करने में सक्षम होना यह दर्शाता है कि उन्होंने इसके लिए कितना काम किया है। उन्होंने वर्ल्ड बैंक और इंटरनेशनल मॉनेटरिंग फंड की अगले सप्ताह होने वाली वार्षिक बैठक से पहले पत्रकारों से बात की।

वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, ₹इसमें कोई शक नहीं कि भारत की विकास दर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक चमकदार हिस्सा है। मुझे लगता है कि छह-सात प्रतिशत या उससे अधिक की दर से विकास करने में सक्षम होना, यह दर्शाता है कि उन्होंने इसके लिए कितनी मेहनत की है।₹ बंगा ने आगे कहा, ₹इसमें से अधिकांश वृद्धि भारत में घरेलू बाजार द्वारा संचालित है। यह एक अच्छा संकेत है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा, भारत को जीवन की गुणवत्ता जैसे हवा और पानी की गुणवत्ता पर काम करना चाहिए।₹ बंगा ने कहा, ₹हम भारत के साथ कई विषयों पर सक्रिय रूप से जुड़े हैं। मुझे लगता है कि हमें आने वाले दिनों और महीनों में परियोजनाओं के संदर्भ में और अधिक परिणाम देखने को मिलेंगे।

### वर्ल्ड बैंक की प्रबंध निदेशक ने भी की भारत की सराहना

वर्ल्ड बैंक की प्रबंध निदेशक एना बजेर्डे ने कहा कि बैंक विकास को नौकरियों और सतत विकास में बदलने में सरकार का समर्थन कर रहा है। उन्होंने महिला कार्यबल की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका मानना है ।

# इस्राइल पर हमले तेज करेगा हिजबुल्ला
## याह्या सिनवार की मौत के बाद बढ़ा तनाव

**बेरूत ।** लेबनान के उग्रवादी समूह हिजबुल्ला ने कहा है कि वह इस्राइल पर हमले तेज करेगा। हिजबुल्ला का यह बयान हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत के बाद सामने आया है। हिजबुल्ला ने कहा है कि वह इस्राइली सेना के खिलाफ ज्यादा सटीक मिसाइलों का इस्तेमाल करेगा। वहीं ईरान ने भी इस्राइल को धमकी दी है और कहा है कि याह्या सिनवार की मौत के बाद प्रतिरोध की भावना और मजबूत होगी। ऐसे में पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है।



### नेतन्याहू का बयान- जंग अभी जारी रहेगी

गौरतलब है कि ईरान द्वारा ही हमास और हिजबुल्ला का समर्थन किया जाता है। इस्राइल ने हमास और हिजबुल्ला दोनों के खिलाफ युद्ध का मोर्चा खोला हुआ है और दोनों संगठनों के पूरे शीर्ष नेतृत्व का सफाया कर दिया है।

याह्या सिनवार की मौत पर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि 'इतिहास में होलोकास्ट के बाद यहूदियों पर किए गए सबसे भयावह नरसंहार को अंजाम देने वाले शख्स को मार गिराया गया है। सिनवार को मारकर हिसाब चुकता कर दिया गया है, लेकिन हमारी जंग अभी खत्म नहीं हुई है। सिनवार की मौत का पल, हमारे नागरिकों को घर वापस लाने के लिहाज से बेहद अहम है।'

**अमेरिका ने पश्चिम एशिया के हालात संभालने के लिए शुरू की कोशिशें :** पश्चिम एशिया के हालात को देखते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैजल बिन फरहान अल सऊद और कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से फोन पर बात की और हालात पर चर्चा की। यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उसुर्ला वोन डेर लिन ने कहा है कि याह्या सिनवार की मौत से हमास कमजोर होगा।

**इस्राइली पीएम बोले- कल युद्ध खत्म हो सकता है, अगर :** वहीं इस्राइली मीडिया के अनुसार, पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान जारी कर कहा कि 'याह्या सिनवार की मौत गाजा में युद्ध की समाप्ति की शुरूआत है।

मेरा गाजा के लोगों के संदेश है कि यह युद्ध कल समाप्त हो सकता है अगर हमास अपने हथियार डाल दे और बंधकों को रिहा कर दे। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि अगर किसी ने भी उनके बंधकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की तो इस्राइल उन्हें नहीं बख्शेगा।'

### हमास के सभी शीर्ष कमांडर ढेर

इस्राइल पर पिछले साल 7 अक्टूबर को हुए हमले का मास्टरमाइंड याह्या सिनवार ही था। साथ ही उसमें हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानियेह, मिलिट्री चीफ मोहम्मद दाइफ की भी अहम भूमिका थी। इस्राइल ने हमास के लगभग सभी शीर्ष नेताओं को ढेर कर दिया है। बीती 31 जुलाई को इस्राइल ने ईरान में हानियेह को निशाना बनाया था, जिसके चलते ईरान ने इस्राइल पर हमला भी किया था।

# भारत से व्यापार पर प्रतिबंध लगाना मूर्खता
## कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ की ट्रूडो को नसीहत

**ओटावा ।** कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ जो एडम जॉर्ज ने पीएम जस्टिन ट्रूडो को नसीहत दी है। भारत पर लगाए गए आरोपों से पीछे हटने के बाद व्यापार प्रतिबंधों को लेकर चल रही चर्चा पर जॉर्ज ने कहा कि मुझे लगता है इसे लेकर दोनों देशों को इंतजार करना चाहिए। किसी भी पक्ष की ओर से कुछ ऐसा करने का प्रयास करना मूर्खता होगी, क्योंकि अंततः उन्हें पछताना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि कनाडा के लिए प्रवासी भारतीय काफी अहमियत रखते हैं। वहीं कनाडा को अंतरराष्ट्रीय छात्रों और प्रवासियों से बड़ा राजस्व मिलता है। उन्हें परेशान नहीं करना चाहिए। इसलिए ऐसा कुछ भी मूर्खतापूर्ण न करना कनाडा के हित में होगा। मैं जानता हूं कि कनाडा की ओर से प्रतिबंधों के बारे में बात हुई है, लेकिन मुझे लगता है कि इसमें काफी समय लगेगा।



उन्होंने कहा कि पीएम ट्रूडो का यह स्वीकार करना कि उन्होंने भारत के साथ ठोस सबूत साझा नहीं किए थे, यह काफी दिलचस्प था। सवाल यह है कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप सार्वजनिक करने का औचित्य क्या है? कनाडा ने समय के साथ भारत के साथ सबूत साझा किए हैं या नहीं यह तो समय ही बताएगा। उन्होंने कहा कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को दक्षिण एशियाई समुदाय के सदस्यों के लिए खतरों की जानकारी मिली थी। इसलिए आरसीएपी ने साल की शुरूआत में फरवरी में इन अपराधों की जांच के लिए एक बहुपक्षीय टीम बनाई थी। जांच के दौरान टीम को इन गतिविधियों में उच्चायुक्त सहित भारतीय राजनयिकों की कथित संलिप्तता का पता चला। तभी उन्होंने इसे आगे बढ़ाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि इसे लेकर पिछले सप्ताह के अंत में आरसीएमपी के डिप्टी कमिश्नर मार्क फ्लिन ने भारतीय कानून प्रवर्तन समकक्षों से मिलने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। इसके बाद फ्लिन ने कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और विदेश मामलों के उप मंत्री के साथ मिलकर भारत के अधिकारियों से मिलने का फैसला किया। उन्होंने उन्हें भारतीय राजनयिकों द्वारा और भारत सरकार के लोगों के निर्देशन में किए गए इन कथित अपराधों की गंभीरता के बारे में सूचित किया।

यह बात भारत के गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंची थीं। आरसीएमपी ने भारत से सभी राजनयिकों की राजनयिक स्थिति को रद्द करने के लिए कहा ताकि वे उनके खिलाफ आरोपों को आगे बढ़ा सकें। मगर भारत ने स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया और उन्हें कनाडा से बाहर निकालने का फैसला किया। कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों को पनाह दिए जाने के बारे में भारत की चिंता पर कनाडाई राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ जो एडम जॉर्ज कहते हैं कि 1985 में एयर इंडिया पर बमबारी की गई थी, जो आज तक कनाडा का सबसे भयानक आतंकवादी हमला है। पिछले साल एक सर्वेक्षण हुआ था जिसमें पाया गया था कि 10 में से 9 कनाडाई लोगों को एयर इंडिया बम विस्फोट के बारे में जानकारी नहीं है।

# 'जयशंकर की यात्रा रिश्तों में जमी बर्फ पिघलाने की पहल'

**लहौर ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के अध्यक्ष नवाज शरीफ ने गुरुवार को भारत और पाकिस्तान के रिश्ते को लकर कहा कि भारत और पाकिस्तान को अपने अतीत को पीछे छोड़कर एक अच्छे पड़ोसी की तरह आगे बढ़ना चाहिए। उन्होने कहा कि दोनों पक्षों को अब बातचीत करनी चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। पूर्व पाकिस्तानी पीएम ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के एससीओ बैठक में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान दौरे को इस दिशा में एक शुरूआत बताया है।



### खत्म कर देंगे ईरानी आतंक का शासन
# सिनवार की मौत के बाद नेतन्याहू का दावा
## बंधकों की रिहाई पर भी बोले

तेल अवीव । गाजा में इस्राइल के सबसे बड़े दुश्मन याह्या सिनवार की मौत के बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि याह्या सिनवार मर चुका है। उसे राफा में इस्राइल रक्षा बलों के बहादुर सैनिकों ने मार गिराया। मगर यह गाजा में युद्ध का अंत नहीं है। बल्कि अंत की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि ईरान ने आतंक का जो शासन कायम किया है, हम उसे खत्म कर देंगे।

इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा-इस्राइल युद्ध समाप्त हो सकता है, अगर हमास अपने हथियार डाल दे और हमारे बंधकों को लौटा दे। हमास ने गाजा में 23 देशों के 101 लोगों को बंधक बनाया हुआ है। इस्राइल सभी को घर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस्राइल सभी बंधकों की सुरक्षा की गारंटी देता है। लेकिन जो हमारे बंधकों को नुकसान पहुंचाएगा, उनके लिए मेरे पास संदेश है कि इस्राइल उन्हें खोजेगा और न्याय दिलाएगा।

न्होंने कहा कि मेरे पास अपने क्षत्र के लोगों के लिए एक आशा भरा संदेश भी है कि ईरान द्वारा बनाई गई आतंक की धुरी हमारी आंखों के सामने ढह रही है। नरसल्ला चला गया, उसका डिप्टी मोहसिन चला गया, हानिया चला गया है, दईफ चला गया और अब सिनवार चला गया है। आतंक का शासन जो ईरान ने अपने ही लोगों और इराक, सीरिया, लेबनान और यमन के लोगों पर लगाया है, वह भी समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में समृद्धि और शांति का भविष्य चाहने वाले सभी लोगों को बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए एकजुट होना चाहिए। साथ मिलकर हम अंधेरे की ताकतों को पीछे धकेल सकते हैं और हम सभी के लिए प्रकाश और आशा का भविष्य बना सकते हैं।

**बंधकों की घर वापसी तक जारी रखेंगे अभियान :** हगारी

इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि हमास का नेता याह्या सिनवार मर गया। वह सात अक्तूबर को हुए नरसंहार के लिए जिम्मेदार था। मगर हमारा काम पूरा नहीं हुआ है। हम तब तक आराम नहीं करेंगे जब तक हम अपने सभी बंधकों को किसी भी तरह से घर नहीं ले आते। हम ऐसा करना जारी रखेंगे। जब तक हम इस्राइल के लोगों की रक्षा में अपने सभी मिशन पूरे नहीं कर लेते, तब



तक काम करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि सिनवार इतिहास में इस्राइल के खिलाफ सबसे क्रूर हमले के लिए जिम्मेदार था। जब गाजा से इस्राइल पर हमला किया गया। इस्राइल के लोगों को उनके घरों में मार डाला। हमारी महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया।

पूरे परिवारों को जिंदा जला दिया और 250 से अधिक पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को बंधक बना लिया। 101 बंधक अभी भी में कैद में हैं। सिनवार ने न्याय से बचने की कोशिश की। वह असफल रहा।

हमने कहा था कि हम उसे ढूंढेंगे और न्याय दिलाएंगे। हमने ऐसा किया। याह्या सिनवार ने इस्राइल के साथ युद्ध छेड़ने का फैसला किया।

हमने कहा था कि हमारा युद्ध हमास के साथ है, गाजा के लोगों के साथ नहीं।

# जिस नाहल ओज गांव में लहलहाती थी फसलें अब वहां बचे हैं केवल तबाही के निशान

**नई दिल्ली ।** गाजापट्टी बॉर्डर से बिल्कुल सटा हुआ इलाका है नाहल ओज। यह वह गांव है जहां पर हमास के आतंकियों ने सबसे ज्यादा बर्बरता की थी। यहां के लोगों को हमास ने सोशल मीडिया पर लाइव स्ट्रीमिंग



करके मारा था। अमर उजाला जब गाजा पट्टी के इस किब्बुत (खेतों के बीच में बसी हुई बहुत छोटी सी आबादी वाले गांव) में पहुंचा तो यहां हर तरफ सिर्फ सन्नाटा दिखाई दिया। हालांकि इस्राइली सैनिकों की इस इलाके में जबरदस्त मौजूदगी है।

इस किब्बुत से ताल्लुक रखने वाले एलोन बताते हैं कि गांव में घुसकर हमास की बर्बरता को लोग अब तक नहीं भूल पाए हैं। खास तौर से सोशल मीडिया पर अपनों की मौत की लाइव स्ट्रीमिंग देखने वाले लोग अब भी खौफ में जी रहे हैं। एलोन ने हमें गांव के वो घर भी दिखाएं यहां पर सामूहिक नरसंहार हुआ था। उन्होंने बताया कि इस छोटे से किब्बुत में रहने वाले लोग ज्यादातर खेती ही करते थे, यहां खेतों में फसलें लहलहाती थीं लेकिन अब हर तरफ सिर्फ तबाही के निशान नजर आते हैं।

# मुंबई में ताइवान का कार्यालय खोलने पर तिलमिलाया चीन
## भारत के सामने उठाया मुद्दा, जताया विरोध

**बीजिंग ।** मुंबई में ताइवान के ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र (टीईसीसी) के नए कार्यालय पर चीन तिलमिला गया है। उन्होंने भारत के सामने इस मुद्दे को उठाते हुए इसपर विरोध जताया। चीन ने बताया कि उन्होंने राजनयिक विरोध दर्ज कराया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने ताइवान को चीन का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने भारत से एक-चीन सिद्धांत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का पालन करने की अपील की। यह भारत-चीन संबंध के लिए राजनीतिक आधार के रूप में कार्य करता है।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, ₹विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान चीन का अभिन्न अंग है। उन्होंने आगे कहा, ₹चीन ताइवान और अन्य देशों के बीच सभी प्रकार के आधिकारिक संपर्क और बातचीत का विरोध करता है। इसमें दूसरे देशों में प्रतिनिधि कार्यालयों की स्थापना भी शामिल हैं।₹ माओ ने आगे कहा कि एक चीन सिद्धांत भारतीय पक्ष द्वारा की गई एक राजनीतिक प्रतिबद्धता है और उन्होंने भारत से अपनी प्रतिबद्धताओं का सख्ती से पालन करने की अपील की।



माओ ने कहा, ₹चीन भारत से अपनी प्रतिबद्धताओं का सख्ती से पालन करने का आग्रह करता है। ताइवान संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से सुलझाएं और ताइवान के साथ किसी भी तरह की आधिकारिक बातचीत न करें।₹ उन्होंने चीन और भारत के संबंधों में खलल डालने से बचने का भी आग्रह किया।

### भारत में टीईसीसी के तीन कार्यालय

बता दें कि टीईसीसी ने बुधवार को मुंबई में एक शाखा खोली। इसके साथ ही भारत में इसके कार्यालयों की संख्या तीन हो गई। इससे पहले दिल्ली और चेन्नई में ही टीईसीसी का कार्यालय था। मुंबई में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र के आधिकारिक संचालन की घोषणा के बाद से चीन ने भारत से ताइवान के मुद्दों पर सावधानी बरतने का आग्रह किया।

# ड्रोन में कैद हुए याह्या सिनवार के आखिरी पल, बचने के लिए क्या-क्या किया
## आईडीएफ ने जारी किया वीडियो

**तेल अवीव ।** इस्राइली सेना ने हमास प्रमुख याह्या सिनवार को ढेर कर दिया है। इस्राइली सेना ने याह्या सिनवार के आखिरी पलों का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसमें सिनवार सोफे पर बैठे दिख रहा है और ड्रोन को देखकर सिनवार ने उस पर हमले की कोशिश भी की, लेकिन आखिरकार याह्या सिनवार को ढेर कर दिया गया। सिनवार से पहले इस्राइल ने जुलाई में हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानियेह को भी ढेर कर दिया था।



### मौत से पहले सोफे पर बैठा दिखा सिनवार

वीडियो में दिख रहा है कि सिनवार एक क्षतिग्रस्त अपार्टमेंट में एक सोफे पर बैठा हुआ था। सिनवार ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुंह पर कपड़ा लपेटा हुआ था। सिनवार घायल अवस्था में था और जैसे ही ड्रोन ने उसके पास जाने की कोशिश की तो उसने एक लड़की से ड्रोन पर हमले की कोशिश की। हालांकि समय रहते ड्रोन पीछे चला गया। इसके बाद इस्राइली सेना की कार्रवाई में याह्या सिनवार मारा गया।

### इस्राइली सेना ने कैसे किया याह्या सिनवारी को ट्रैक

इस्राइली सेना के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने बताया कि जब ड्रोन से यह फुटेज रिकॉर्ड हुई थी तो इस्राइली सेना को लगा था कि यह हमास का कोई आम लड़ाका है। हालांकि जब सिनवार की मौत के बाद उसकी पहचान की गई तो पता चला कि यह कोई आम लड़ाका नहीं बल्कि हमास का प्रमुख याह्या सिनवार है। इस्राइली सेना ने बताया कि उनके सैनिकों को गाजा के रफाह में तीन संदिग्ध आतंकी एक इमारत से दूसरी इमारत में जाते दिखाई दिए थे। इस पर इस्राइली सैनिकों ने उन पर गोलीबार की। इस बीच सिनवार वहां से बचकर एक क्षतिग्रस्त इमारत में घुस गया। उसी इमारत में ड्रोन ने सिनवार को ट्रैक किया। इसके बाद इस्राइली सैनिकों ने इमारत पर हमला किया, जिसमें याह्या सिनवार मारा गया।

### दांत, घड़ी से हुई शव की पहचान

इस्राइली सेना डीएनए जांच के जरिए याह्या सिनवार की मौत की पुष्टि कर रही है। हालांकि शव के चेहरे, दांत और घड़ी से दावा किया जा रहा है कि मारा गया शख्स याह्या सिनवार ही है। हमास के खिलाफ लड़ाई में यह इस्राइल की बड़ी जीत है। इस्राइली सेना हमास के पूरे नेतृत्व का लगभग सफाया कर चुकी है, जिससे ईरान समर्थित यह आतंकी संगठन बेहद कमजोर हो चुका है। याह्या सिनवार के मारे जाने के बाद इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश में कहा कि याह्या सिनवार मारा गया, लेकिन जंग अभी जारी है।

# ट्रंप की फिसली जुबान, बोले- 'सिर्फ बेवकूफ लोग बुजुर्गों को चुनते हैं', ये भूले वो खुद 78 साल के हैं

**वॉशिंगटन ।** एक इंटरव्यू के दौरान डोनाल्ड ट्रंप कुछ ऐसा कह गए, जिसके चलते वह खुद निशाने पर आ गए हैं। दरअसल उन्होंने कहा कि सिर्फ बेवकूफ लोग ही बुजुर्गों को चुनते हैं। ये बात कहते हुए डोनाल्ड ट्रंप ये भूल गए कि वो खुद 78 साल की उम्र में राष्ट्रपति पद की दौड़ में हैं। कुछ समय पहले तक डोनाल्ड ट्रंप जो बाइडन की बढ़ती उम्र को निशाना बना रहे हैं, लेकिन जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की रेस से हटने और कमला हैरिस के उनकी जगह लेने के बाद से अब ट्रंप खुद अपनी बढ़ती उम्र को लेकर आलोचकों के निशाने पर हैं। कमला हैरिस ने भी ट्रंप की मानसिक सेहत को लेकर सवाल उठाए हैं।



### इंटरव्यू के दौरान क्या बोले ट्रंप

एक इंटरव्यू के दौरान ट्रंप ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति पर कहा कि 'यह सुखद है कि अपने चार साल के राष्ट्रपति कार्यकाल में मुझे सुप्रीम कोर्ट में तीन लोगों की नियुक्ति करने का मौका मिला, जबकि ज्यादातर लोगों को यह मौका नहीं मिलता है।' ट्रंप ने कहा कि 'जब आप लोगों की नियुक्ति करते हैं तो वो युवा होते हैं। सिर्फ बेवकूफ लोग ही बुजुर्गों को नियुक्त करते हैं क्योंकि बुजुर्ग लोग सिर्फ दो या तीन साल के लिए ही सेवाएं दे पाते हैं।' ट्रंप ने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान सुप्रीम कोर्ट में तीन जजों नील गोर्सच, ब्रेट कैवनघ और एमी कोनी बैरेट को नियुक्ति किया था। इनकी औसम उम्र 50 साल थी, जबकि उससे पहले अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति की औसत उम्र 60 साल थी।

ट्रंप कार्यकाल में नियुक्त किए गए जजों ने सुप्रीम कोर्ट के रूढ़िवादी बहुमत में अहम योगदान दिया है। गर्भपात को लेकर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले में भी इन रूढ़िवादी जजों की भूमिका रही। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ये बात कहते हुए ये भूल गए कि वो खुद अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति पद के लिए सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं। अपनी बढ़ती उम्र को लेकर वे डेमोक्रेट पार्टी के निशाने पर भी हैं। हाल ही में कमला हैरिस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर डोनाल्ड ट्रंप की मानसिक सेहत पर सवाल उठाए थे।

# रॉ अधिकारी ने अमेरिका में सिख अलगाववादी को मारने की साजिश रची; अमेरिकी न्याय विभाग का आरोप

**वॉशिंगटन।** खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने के मामले में अमेरिका में संघीय अभियोजकों ने न्यूयॉर्क की अदालत में एक भारतीय रॉ अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संघीय अभियोजकों ने दावा किया किअधिकारी की पहचान 39 वर्षीय विकास यादव के रूप में हुई है। वह कैबिनेट सचिवालय में कार्यरत था, जिसमें भारत की विदेशी खुफिया सेवा, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) शामिल है। उस पर हत्या की नाकाम साजिश का कथित रूप से निर्देश देने और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे आरोप लगाए गए हैं।

विकास यादव अब सरकारी कर्मचारी नहीं है। उन पर तीन मामलों में आरोप लगाए गए हैं, जिसमें सुपारी लेकर हत्या और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है। न्याय विभाग ने कहा कि वह अभी भी फरार है। उसके सह-षड्यंत्रकारी निखिल गुप्ता को पिछले साल चेकोस्लोवाकिया में गिरफ्तार किया गया था और प्रत्यर्पण के बाद वह अमेरिकी जेल में बंद है।

अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक बी. गारलैंड ने कहा कि आरोपों से पता चलता है कि न्याय विभाग अमेरिकियों को निशाना बनाने और उन्हें खतरे में डालने तथा हर अमेरिकी नागरिक के



अधिकारों को कमजोर करने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा। एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा कि आरोपी एक भारतीय सरकारी कर्मचारी है। उसने कथित तौर पर एक आपराधिक सहयोगी के साथ मिलकर साजिश रची और अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या करने का प्रयास किया।

### भारत ने किया आरोपों का खंडन

हालांकि, भारत सरकार ने अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या करने की ऐसी साजिश से अपने जुड़ाव या संलिप्तता से इनकार किया है।

अमेरिका द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद नई दिल्ली ने मामले की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की थी। अमेरिका ने इस मामले में भारत से मिले सहयोग पर संतोष व्यक्त किया है।

दूसरे अभियोग को खोलने का काम भारतीय जांच समिति द्वारा इन मुद्दों पर एफबीआई, न्याय विभाग और विदेश विभाग के अधिकारियों की एक अंतर-एजेंसी टीम के साथ बैठक करने के लिए यहां आने के 48 घंटे के भीतर हुआ है।

### अमेरिका ने भारत की सराहना की थी

इससे पहले विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि हम भारत के सहयोग से संतुष्ट हैं। यह एक सतत प्रक्रिया है। हम इस पर उनके साथ काम करना जारी रखते हैं, लेकिन हम सहयोग की सराहना करते हैं, और हम उनकी जांच के बारे में हमें अपडेट करने की सराहना करते हैं, जैसा कि हम उन्हें अपनी जांच के बारे में अपडेट करते हैं।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पर चलने वाले कार्तिक माह भंडारे का हुआ शुभारंभ

## कार्तिक माह में सेवा और भक्ति का विशेष महत्व है : कैबिनेट मंत्री









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर स्थित कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के जनसंपर्क कार्यालय पर पूरे माह चलने वाले भंडारे का शुभारंभ केबिनेट मंत्री माता व पारिवारिक सदस्यों एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा विधिपूर्वक किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि कार्तिक माह हमारे धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है, और इस समय सेवा और भक्ति का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इस भंडारे के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एकत्रित करने और उनकी सेवा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को कार्तिक माह की शुभकामनाएं दीं और आग्रह किया कि वे इस भंडारे में सम्मिलित होकर सेवा और पुण्य का लाभ प्राप्त करें। कार्तिक माह हिन्दू धर्म में विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्त्व रखता है, और इसी भावना को ध्यान में रखते हुए यह भंडारा समाज सेवा और मानवता की सेवा के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। कैबिनेट मंत्री की माता ने भंडारे का शुभारंभ करते हुए जनकल्याण और सभी के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति, पार्टी के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

भंडारे में आए सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भोजन वितरित किया गया। यह भंडारा कार्तिक माह के पूरे समय तक प्रतिदिन चलेगा, जिसमें आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए सेवा और भक्ति का वातावरण उपलब्ध रहेगा। जनसंपर्क कार्यालय की ओर से सभी लोगों से अपील की गई है कि वे इस भंडारे में आकर पुण्य लाभ प्राप्त करें और धार्मिक आस्था के इस पर्व में सहभागिता करें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप कसना, अजय शुक्ला, पार्षदों में गौरव सोलंकी, राजकुमार भाटी, नरेश भाटी, मनोज गोयल, रवि भाटी, श्रीभगवान अग्रवाल, सतेंदर चौधरी, हिमांशु चौधरी, विनय चौधरी, शशि खेमका, प्रतिमा शर्मा, नीलम भारद्वाज, मदन राय, सरदार भाटी, आलोक शर्मा, राजीव शर्मा उर्फ राजू, कालीचरण पहलवान, आशीष चौधरी, प्रवीण भाटी, विनय चौधरी, अभिनव जैन, विशाल चौधरी, कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आखिर पुराने भाजपाई और संघ-र्षशील नेता डॉ उपाध्याय जी ने भी कर दिया है शहर सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान? कहने वाले ने कहा उनका विनोद बहुत दिनों से कभी समझ नहीं पा रहा था श्रीमान? कहने वाले ने कहा उन्होंने अब हर स्थिति में चुनाव लड़ने का कर लिया है फैसला? कह दिया है किसी भी सूरत में नहीं लेंगे वो यू-टर्न? सुना है उनके संघ के पुराने साथी खेड़ा जी ने भी दे दी है उनको इस फैसले पर बधाई? दे दिया है संदेश, हम भले ही चुनाव ना लड़ पाये हों? चलो किसी ने तो ली है इस बार अंगड़ाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे कांग्रेस की जनसभा में मौजूद? हमें समझ नहीं आ रहा था सुशांत भैया का अंदाज-ए-वजूद? कभी वो कार्यक्रम में नजर आ रहे थे, कभी दिखाई दे रहे थे बाहर मौजूद? सुना है संगठन के कई बार पुकारने के बाद उन्होंने मंच वाली व्यवस्था की स्वीकार? अंत में जब मुख्य अतिथि भाषण देने के लिए आए? ना जाने फिर क्यों वो मंच से उतर कर चले गये बाहर? पानी के स्टॉल से किया फिर उन्होंने मंच का दीदार? लग रहा है कुछ तो लगी हुई थी उनके सीने में आग? जिसे समझने वाले नहीं समझ पा रहे थे यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि करने वाले ने कर दिया है ऐलान? कह दिया है लिखकर रख लो हमारी बात? वेस्टर्न वालों का टिकट अब किसी ने नहीं रूक रहा श्रीमान? दावेदारी में बताये जा रहे हैं इस वक्त वेस्टर्न से तीन चेहरे? इनमें से एक पूर्व हैं तो दो के ऊपर बंधे हुए हैं वर्तमान वाले सेहरे? कहने वाले ने कहा इनमें से एक चेहरे की बन गई है 100 प्रतिशत बात? टिकट आना ही है उसके हाथ? मिल गया है उसे ऊपर से चुनाव लड़ने का संकेत? बस वैसे ही वो दिखा रहा है कन्फ्यूज वाला फेस? शर्त लगाने वाले ने कहा अगर गलत निकले मेरी बात? तो फिर अपनी हार का मैं आपको गोवा का ट्रिप लगवाऊंगा साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ की राजनीति में भाजपा विधायक अजीत पाल त्यागी का बताया जाता है बड़े दिल वाला किरदार? वो जिससे मोहब्बत करते हैं, दिल से मोहब्बत करते हैं? भले ही उनको जीत मिले या हार? सुना है कुछ चेहरे बैठे थे उनके पास? उपचुनाव में वो कर रहे हैं किसको सपोर्ट? इस बारे में जानना चाह रहे थे ये चेहरे बात? सुना है विधायक जी ने सामने वालों को कर दी सभी स्थिति स्पष्ट? कहा अगर हम शुरू से थे जिसके साथ? आज भी हैं उससे वैसे ही हालात? नुकसान इसमें हमारा भले ही कितना हो जाये? हम संबंधों में नफा-नुकसान का नहीं लगाते हैं हिसाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वाले भगवा नागर में है गजब की जादुई शक्ति? उन्हें एडवांस में हो जाता है सामने वाले नेता की ताकत घटेगी या भविष्य में बढ़ेगी, इस बात का एहसास? फिर इसी शक्ति के दम में वो करते हैं सारी गुणा-भाग? कहने वाले ने कहा बस इतने से ही समझ जाओ आप मेरी बात का संदेश? आपको पता चल जायेगा कि क्यों कभी क्रान्तिकारी तो कभी शायराना हो जाता है नागर जी का फेस? कहने वाले ने कहा भगवा नागर को भविष्य की घटती और बढ़ती हुई ताकतों का है भरपूर एहसास? उनके संकेतों से समझ जाओ किसकी बन रही है और किसकी बिगड़ रही है बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको एक बात राईट कह रहे हैं बिल्कुल भी नहीं कह रहे हैं रांन्ग? एक दावेदार सुबह होते ही घनघना देते हैं कई चेहरों को फोन? जानते हैं वो फिर मौजूदा मौसम का हाल? सुना है उनकी इस जिज्ञासा की 2-3 चेहरे दे रहे थे मिसाल? कह रहे थे आप सही कह रहे हो साहब? जिनकी आपसे हो रही है, उनकी हमसे भी हो रही है बात? कहने वाले ने कहा इस बात से ये भी स्थिति होती है स्पष्ट? ये दावेदार सबको विचारों में भी साथ लेकर चलते हैं? गुटबाजी से दूर रहकर ये सबसे मिलते हैं?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उम्मीदवारी की जानने के लिए कहानी? सुना है कई भगवा चेहरे मिला देते हैं सीधा डिप्टी साहब को फोन? जानना चाहते हैं कि कोर में क्या हुआ है इस बार? आप तो वहां पर मौजूद थे? थोड़ा सा संकेत देकर हमारे चेहरे पर ला दो बहार? सुना है किसी की भी बात का डिप्टी साहब पर नहीं पड़ रहा है कोई फर्क? जब भी उनके पास इस मामले में कोई फोन आता है? तो वो कर देते हैं स्पष्ट? कह देते हैं नाम को ओपन नहीं करने की हम सबने कसम खाई है? इसलिए इस बारे में मत पूछो? आपको मना करते हैं तो होता है हमें कष्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक दावेदार को नहीं था इस बात का एहसास कि जो दे रहे हैं दावेदारी में उनका साथ? अचानक वो यूं रख देंगे किसी और पर हाथ? सुना है एक बड़ी मुलाकात होने के बाद इन्होंने हैवीवेट से रखी है अपनी दिल की बात? कहा है कि हम तो सोच रहे थे कि इस लड़ाई में दोगे हमारा ही साथ? हमें समझ नहीं आ रहा कि आप क्यों ले गये उनको अपने साथ? कहने वाले ने कहा इस तरह की चर्चाएं एक विधायक जी के खेमे में चल रहीं थीं? सबकी अपनी-अपनी पसंद की पूडियां उस वक्त वहां पर तल रहीं थी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ुनाव की भी होती है गजब की गुजारिश? सुना है भगवागढ़ के एक दावेदार ने पेंट-कमीज उतार कर पहन लिया है कुर्ता-पजामा? आजकल इन्हीं कपड़ों में वो कर रहे हैं अपनी सिफारिश? कहने वाले ने कहा लेकर ये नया वाला अवतार? कुछ दिन पहले लखनऊ में किये हैं इन्होंने चौधरी साहब के दीदार? देखना अब ये है कि ये कुर्ते-पजामे वाली मुलाकात क्या दिखायेगी असर? ये हैं बहुत ही पुराने कार्यकर्ता, इनकी रहती है हमेशा हमको फिकर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक भगवा दावेदार थे शोक सभा वाले कार्यक्रम में मौजूद? किसी ने जानना चाहा उनसे उनकी दावेदारी का वजूद? कहने वाले ने कहा जैसे ही उठा ये सवाल? तभी पेश कर दी दावेदार ने अपने दिल से विधायक जी के लिए विशेष वाली मिसाल? बिरादरी वाले विधायक जी को लेकर उन्होंने जोर देकर की विशेष वाली कृपा करने की बात अर्ज? कहा सच बताऊं हद से ज्यादा विधायक जी का मुझको इस वक्त सहयोग मिल रहा है? आप देख रहे हो ना कि उनकी इस अति कृपा से मेरा चेहरा कितना खिल रहा है?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# श्रीमद्भागवत कथा का छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी में भारतीय धरोहर संस्था द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथाव्यास पवन नंदन द्वारा महारास लीला, कंस वध, रुक्मिणी विवाह, द्वारका स्थापना आदि का भी वर्णन हुआ। संगीत और भक्तिभाव ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथाव्यास ने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। कथावाचक आचार्य पवन नंदन ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं। उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश हैं। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति की और से सभी भक्तो के लिए प्रसाद वितरण में प्रमुख रूप से कपिल त्यागी, अजय शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, सुचित सिंघल, सीपी बालियान, उमा शंकर तोमर, मनोज डागा, पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद संजय सिंह, सुरेंद्र अरोड़ा, अनिल मेहंदीरत्ता, राम वरुण सिंह, नीरज त्यागी, आरती बालिया, निरूपा चमोला, कविता पालीवाल, कविता सिंह, सुमन सिंह उषा यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# पार्षद कविता भाटी के कार्यकाल पर पिंक बूथ प्रभारी ने महिलाओं को किया जागरूक



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्यामपार्क एक्टेंशन वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी के कार्यालय पर पिंक बूथ प्रभारी जुली सिंह द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने के उद्देश्य से एक पिंक बूथ लगाकर महिला जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिलाओं के साथ छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, छात्राओं के साथ छेड़छाड़ जैसी आदि घटनाओं को रोकने के लिए पिंक बूथ पर तैनात महिला कांस्टेबल भी महिलाओं एव युवतियों को रोककर उनके हित हेल्पलाइन, 1090, डायल 112 आदि सरकारी सुरक्षा साहयता हेतू सरकार द्वारा जानकारी किये गए नंबरों के बारे में जानकारी दी। बताया कि अगर उनके साथ कोई उत्पीड़न होता है तो तत्काल उक्त नंबरों पर सूचना देकर सहायता प्राप्त कर सकती है। इस मौके पर पिंक बूथ प्रभारी उनकी ठीक का पार्षद द्वारा स्वागत किया गया।

## सड़क पर चलता ट्रक बना आग का गोला

### ड्राइवर ने कूद कर बचाई जान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना कोतवाली थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ट्रक आग का गोला बन गया। आग से मौके पर अफरा तफरी मच गई। ट्रक में मौजूद ड्राइवर ने किसी तरह कूद कर अपनी जाना बचाई। ट्रक के मालिक यूसफ ने बताया कि गाड़ी के अंदर गत्ता भरा हुआ था। वह ट्रक लेकर घंटा घर से मोहन नगर इलाके की तरफ जा रहा था। शहीद स्थल, न्यू बस अड्डा मेट्रो स्टेशन से कुछ दूरी पर ट्रक में अचानक आग लग गई। कार चालक ने बताई आग लगी है पास से गुजर रहे कार सवार ने ट्रक में आग लगने की सूचना दी। आग लगने की जानकारी मिलते ही उसने ट्रक को सड़क के किनारे खड़ा किया। इसके बाद वह ट्रक से नीचे कूद गया। ट्रक में गत्ता लदा होने के कारण आग ने तेजी पकड़ ली। ट्रक देखते ही देखते आग का गोला बन गया। उसने बताया कि ट्रक में आग कैसे लगी, उसे नहीं पता। राहगीरों ने आयशर ट्रक में आग की सूचना पर दमकल विभाग को दी। जिसके बाद दमकल विभाग ने मौके में पहुंचकर आग पर काबू पाया। ट्रक हिंडन विहार से गत्ता लेकर मोहन नगर जा रहा था।

# आईटीएस गाजियाबाद में एमबीए (2024-26) बैच के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईटीएस गाजियाबाद में 18 अक्टूबर, 2024 की शाम को एमबीए (2024-26) बैच के लिए इनसेप्शन -2024, फ्रेशर्स वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर एमबीए सीनियर बैच के द्वारा 21वें बैच के नवप्रवेशित छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद संस्थान के निदेशक डॉ. वी एन बाजपेयी का स्वागत भाषण हुआ। शुभम राज को मोस्ट टैलेंटेड प्रतिभागी चुना गया। प्रतिभागियों की प्रतिभा को देखते हुए निर्णायकों के लिए सभी श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों का चयन करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। इस अवसर पर आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर पी चड्ढा ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की और सभी प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य की कामना की। आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने प्रतिभागियों के उच्चतम प्रदर्शन एवं सफलता की कामना की, साथ ही इस प्रकार के आयोजन हेतु प्रसन्नता व्यक्त की।

# आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस-2024 का आयोजन





## छात्रों को मिला अंतराष्ट्रीय मंच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में दो दिवसीय (18-19 अक्टूबर 2024) मॉडल यूनाइटेड नेशंस कांफ्रेंस 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एलेना बारमैन (प्रेजिडेंट इंडियन एसोसिएशन ऑफ रसियन कम्पट्रिओट्स), आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। अतिथियों ने आईएमएस मॉडल यूनाइटेड नेशंस कांफ्रेंस को विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन मंच बताया। जिससे वे अपने आपको और भी बेहतर बना सकते हैं। अतिथि द्वारा भारत एवं रसिया के संबंधों के बारे में बताते हुए भारत की संस्कृति की प्रशंसा की। कार्यक्रम को सात सत्रों में विभाजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचारों से सभी परिषदों में रोमांचक माहौल पैदा कर दिया। ज्ञात हो कि कार्यक्रम लगातार दूसरे दिन भी चलेगा और बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न से पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रुति शर्मा, डॉ. इंदिरा प्रियदर्शनी एवं निधि शर्मा द्वारा किया गया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Ravindra Tyagi is with Swati Tyagi and Dev Ty.
3h

आज बड़ी बेटी स्वाति व दामाद देव दीप त्यागी की शादी की वर्ष गाँठ है प्यारे बच्चों तुम दोनों को शादी की वर्ष गांठ की बहुत -२ बधाई ईश्वर तुम्हारी जोडी को सो साल की आयु दे तुम और तुम्हारा परिवार बेटा रघु सब सुखी रहे स्वस्थ रहे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। क्रिकेट में लेकर बिजनेस तक छाए हुए रविन्द्र त्यागी इन दिनों सोशल मीडिया पर भी छाए हुए हैं। वो अपनी हर पोस्ट में रोचक अंदाज के साथ आते हैं। इस बार वो आशीर्वाद शुभाशीष वाले अंदाज में हैं। उनकी लाडली बिटिया स्वाति और दामाद देवदीप त्यागी की मैरिज एनिवर्सरी है। बनी रहे जोड़ी और रहे हमेशा खुशहाल का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।